


10 पीवी सिंधू....

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक



12 रश्मिका...

रांची, सोमवार, 02 मार्च 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -254 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि, 40 दिन का शोक

एजेंसी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने ऐतिहासिक मोड़ ले लिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने कर दी है। तस्नीम और फार्स न्यूज एजेंसी सहित सरकारी स्त्रोतों के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हवाई हमलों में खामेनेई मारे गए।

### परिवार के सदस्य भी मारे गए

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और अन्य करीबी परिवारजन की भी मौत हुई है। तेहरान में उनके आवास और कार्यालय को निशाना बनाया गया था।

### ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के राजकीय शोक और सात दिनों की सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की गई है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे 'शहादत' करार दिया है। क्रक्रक्ष ने चेतावनी दी है कि इस हमले का कड़ा

**आईआरजीसी ने दी 'सबसे विनाशकारी' हमले की चेतावनी**





बदला लिया जाएगा और वे देश के अंदर व बाहर हर साजिश का डटकर सामना करेंगे। इसी बीच, ईरानी सेना ने एक 'खतरनाक अभियान' शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

### ट्रम्प ने पहले किया था ऐलान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर सबसे पहले खामेनेई की मौत की जानकारी दी थी। उन्होंने इसे ईरान की जनता और दुनिया के लिए न्याय बताया। ईरानी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा, हमने एक महान नेता को खो दिया है, और पूरा राष्ट्र उनका शोक मना रहा है। फार्स न्यूज के अनुसार, आईआरजीसी और ईरानी सेना ने इतिहास का सबसे विनाशकारी अभियान शुरू करने की चेतावनी दी है। इसमें अमेरिकी ठिकानों और इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाए जाने की बात कही गई है।

### क्षेत्र में बढ़ा तनाव

शनिवार को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने भी मिसाइल हमले शुरू कर दिए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटनाक्रम मध्य पूर्व को बड़े युद्ध की ओर धकेल सकता है।

### इजराइल का दावा: मलबे से बरामद हुआ खामेनेई का शव

इजराइली अधिकारियों ने सीएनएन को दिए बयान में दावा किया है कि उनके पास अयातुल्ला खामेनेई के शव की तस्वीरें हैं, जिसे मलबे से बरामद किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल और अमेरिका ने एक 'जॉइंट अटैक' में खामेनेई के घर और कार्यालय को पूरी तरह तबाह कर दिया है। रॉयटर्स ने भी सूत्रों के हवाले से पुष्टि की है कि खामेनेई का शव हवाई हमले के बाद ढही हुई इमारत के नीचे मिला है।

### कर्बला में शोक की लहर

खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही इराक के कर्बला में इमाम हुसैन की दरगाह पर मौजूद तीर्थयात्री भावुक हो गए और वहां शोक का माहौल देखा गया।

### खामेनेई की मौत के बाद अयातुल्ला अलीरेजा अराफी बने नए अंतरिम सुप्रीम लीडर

पश्चिम एशिया में जारी भीषण सैन्य संघर्ष के बीच ईरान की सत्ता में सबसे बड़ा उलटफेर हुआ है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद अब वरिष्ठ धर्मगुरु अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को ईरान का नया अंतरिम सुप्रीम लीडर नियुक्त किया गया है। इस घटना ने न केवल ईरान बल्कि पूरे विश्व की राजनीति में हलचल मचा दी है।

### अयातुल्ला अलीरेजा अराफी: ईरान की नई कमान

अयातुल्ला अलीरेजा अराफी ईरान के वरिष्ठ धार्मिक नेताओं में से एक हैं। उन्हें ईरान की अंतरिम नेतृत्व परिषद में न्यायविद सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो अब सुप्रीम लीडर की सभी जिम्मेदारियां निभाएंगे। उनका मुख्य दायित्व संक्रमण काल के दौरान देश की शासन व्यवस्था को स्थिर रखना और नए स्थायी सर्वोच्च नेता के चयन तक नेतृत्व प्रदान करना है।

### युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर हमला !ईरान का दावा, अमेरिका ने की 3 सैनिकों के मौत की पुष्टी

मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा सैन्य तनाव अब पूरे क्षेत्र में फैल सकता है. यूएई समेत दूसरे पश्चिम एशियाई देशों पर ईरान का मिसाइल और ड्रोन हमला जारी है. ऐसे ही हालात रहे तो यह सैन्य टकराव बड़े क्षेत्रीय संघर्ष का रूप ले सकता है. इसी बीच ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि अमेरिकी नौसेना के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन को उसने निशाना बनाया है. यह वही एयरक्राफ्ट कैरियर है, जिसका उपयोग अमेरिका ने हाल ही में ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों में किया था. ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के हवाले से आईआरजीसी ने दावा किया है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत ईरान की सशस्त्र सेनाओं ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन पर चार बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है. हालांकि अमेरिका की ओर से इस दावे को खारिज किया गया है.

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच पीएम मोदी ने सीसीएस की बैठक बुलायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार रात दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. माना जा रहा है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है. न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से आज रात दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. संभवतः रात करीब साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे. बता दें कि पीएम मोदी ने दो दिवसीय दौरे के तहत राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की. सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है. प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं. इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए बड़े हमले में ईरान के सर्वोच्च



नेता खामेनेई मारे गए. ईरान के सरकारी टेलीविजन और सरकारी समाचार एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने 86 वर्षीय खामेनेई के मारे जाने की रविवार तड़के घोषणा की. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इससे ईरानियों को अपने देश का नियंत्रण अपने हाथ में लेने का सबसे बड़ा मौका मिला है. ट्रंप ने कहा कि भारी और सटीक बमबारी जितने समय तक जरूरी होगी, जारी रहेगी.

# नागपुर में एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की फैक्ट्री में धमाका, 18 लोगों की मौत

एजेंसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के कटोल शहर में रविवार को एक फैक्ट्री में धमाका होने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हुए हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत बचाव का काम कर रही हैं. उन्होंने बताया कि यह धमाका कटोल तहसील के राउलगांव में माइनिंग और इंडस्ट्रियल विस्फोटक बनाने वाली एसबीएल एनर्जी लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ. पुलिस ने बताया कि धमाके के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. फैक्ट्री में रविवार सुबह धमाका हुआ. यह इतना भीषण था कि जिस बिल्डिंग में धमाका हुआ, उसका



सारा सामान और मलबा 500 से 700 मीटर दूर जा गिरा. मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं. चाणक्यपुरम के रहने वाले जितेंद्र मुले ने फायर डिपार्टमेंट को फोन करके घटना की जानकारी दी. राज्य के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी धमाके की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों को तुरंत मदद देने के निर्देश दिए हैं. सभी घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और इलाके को सील कर दिया गया है. किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं है. जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंच गए हैं. धमाके के बाद मौके पर भीषण आग लग गई, करीब 3 घंटे की लगातार कोशिशों के बाद आग पर भी काबू पा लिया गया है और इसी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन भी तेज कर दिया गया है.

### घटना की पूरी जांच के आदेश

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया. उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि यह बेहद दुखद घटना है. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर हैं. 17 लोगों की जान चली गई है. मैं मृतकों को श्रद्धांजलि देता हूं. इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं. घायलों को तुरंत नागपुर शिफ्ट कर दिया गया है. घटना की पूरी जांच के आदेश दे दिए गए हैं. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि राज्य सरकार नागपुर में फैक्ट्री में हुए धमाके में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी. इसके अलावा, संबंधित कंपनी भी उनके परिवारों को आर्थिक मदद देगी.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



नीतीश उपाध्याय
युवा समाजसेवी

वर्तमान में समझ में युवाओं के भागीदारी जरूरी है। हर युवा को चाहिए कि वह गलत रास्ते की बजाय सही रास्ते को चुने। और एक शिक्षित और सुरक्षित वातावरण के समाज का निर्माण में अपनी भागीदारी दे।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,46,100
चांदी (प्रति किलो) : 2,57,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 81,287.19
निफ्टी :- 25,178.65

## मौसम

अधिकतम तापमान : 28 °
न्यूनतम तापमान : 18 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:09
संध्या :- 17:52

## आज का इतिहास

आज हे के दिन 1999 में व्यापक परमाणु परीक्षण संधि (सी.टी.बी.टी.) पर हस्ताक्षर करने के लिए भारत के साथ किसी गुप्त समझौते के समाचार का सं.रा. अमेरिका द्वारा खंडन।

## संक्षिप्त समाचार

### खाड़ी देशों के लिए सीबीएसई ने 10वीं-12वीं की 2 मार्च की परीक्षा टाली

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मध्य-पूर्व के कुछ देशों में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए वहां चल रही कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित करने का निर्णय लिया है. इसे लेकर सीबीएसई की तरफ से सर्कुलर जारी कर दिया गया है. परीक्षा स्थगित करने का आदेश सिर्फ खाड़ी देशों के स्कूलों व छात्रों के लिए है. भारत में चल रही परीक्षा पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा. जारी सर्कुलर के अनुसार बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में युद्ध और बदल रहे हालातों के मद्देनजर 2 मार्च 2026 (सोमवार) को निर्धारित कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं फिलहाल स्थगित कर दी गई हैं. नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी. सीबीएसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि 3 मार्च 2026 (मंगलवार) को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और 5 मार्च 2026 से निर्धारित आगामी परीक्षाओं को लेकर उचित निर्णय लिया जाएगा. बोर्ड ने सभी विद्यार्थियों और स्कूलों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से अपने विद्यालयों के संपर्क में रहें और आधिकारिक सूचनाओं पर ही ध्यान दें.

### कोडरमा में गैस टैंकर ने सवारी गाड़ी को मारी टक्कर, एक की मौत, 10 घायल

**कोडरमा:** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ, हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई. इस घटना में 10 अन्य लोग घायल हो गए हैं. हादसा उस समय हुआ जब हजारीबाग से कोडरमा होते हुए बिहार की ओर जा रहा एक एलपीजी टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया. टैंकर अनियंत्रित होकर सवारी गाड़ी से टकरा गई. जानकारी के अनुसार झुमरी तिलैया से सवारी लेकर एक वाहन तिलैया डैम की ओर जा रहा था. इस दौरान जैसे ही सवारी गाड़ी उरवां मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहा एलपीजी टैंकर अचानक दूसरे लेन में घुस गया और अपना नियंत्रण खो बैठा.










# निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 194 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करते हुए भारत माता की जय के जयघोष से शुभारंभ किये। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर 48 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की इस साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना इलाज करा कर काफी संतुष्ट है और कहा कि अपने स्वस्थ शरीर के लिए नियमित रूप से प्रत्येक दिन योग एवं व्यायाम करना अत्यंत आवश्यक है। यही स्वास्थ जीवन का मुख्य आधार है और ज्यादा मेडिसिन खाने से बचें। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की होली में केमिकल वाले रंगों से बचें केमिकल रंग से त्वचा पर काफी नुकसान पहुंचती है एवं त्वचा में रिएक्शन होने की संभावना बन जाती है ऐसे में नारियल के तेल को त्वचा में लगाएं उन्होंने सलाह दी कि किसी भी प्रकार के रिएक्शन के लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह से ही दवा ले। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का यहाँ डॉक्टर के इलाज से स्वस्थ हो रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। और कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ के प्रति लोगों को जागरूक करना है ।आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल,संजय चौधरी, मुकेश कुमार गुप्ता,अतुल सर्राफ ,तुलसी उरांव, अंजलि सर्राफ,तारा चंद्र भंडारी, प्रतिमा देवी, सच्चिदानंद अग्रवाल ,रेखा देवी,चंपा देवी, लक्ष्मी देवी ,संदीप उरांव,ममता बंका, गीता टोप्पो, नवनीत गौर, अशोक कुमार शाह, बिगन प्रसाद,पूजा कुमारी,शशि सिंह, विक्रम सिंह, तपेश्वर अग्रवाल, दिनेश कुमार ,शिमला देवी,रेणु देवी,उदय कुमार कास्यंकार,निर्भय कुमा, रमेश शर्मा,राजेश अग्रवाल,रंजू देवी, राधा देवी,मुकेश कुमार, मनोज अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,कृष्ण प्रसाद, रामप्रसाद कसेरा,शुभम सिंह, मनीष बडई,मनोज प्रसाद,वार्ड पार्षद शशि वर्मा आदि मौजूद थे।

## जय श्री राम समिति के जिलाध्यक्ष बने अमरेश और जिला महामंत्री बने चंदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगाः** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में सुषमा सिंह की अध्यक्षता में की गई आयोजित बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष व नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अनिल उरांव समेत वार्ड 19 के अभिषेक कुमार वार्ड 20 के विक्रम उरांव, वार्ड 22 का विजय उरांव,वार्ड 6 के सुगो देवी को अंग वस्त्र एवं प्रभु राम जी के चित्र को देकर सम्मानित किया गया इसके बाद समिति के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री की खाली स्थान को ले चर्चा करते हुए अध्यक्ष और महामंत्री की घोषणा की गई ' बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष अमरेश भारती एवं जिला महामंत्री चंदन साहू को बनाया गया जिसे लेकर समिति के सभी लोगों ने उद्घोष करते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए तहपश्चात होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें महिला पुरुष एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी इस आयोजन में समिति के सभी लोगों ने होली के गानों पर जम के डांस किया ' मौके पर संचालन समिति सदस्य सुषमा सिंह,अजय सोनी,शैलेश महतो, परमेश्वर साहू, अनूप गुप्ता,चंदन साहू, कन्हैया करवा, बजरंग करवा, प्रमोद प्रजापति, विनोद राय, गुड्डू राय,अमरेश भारती, पंकज महतो, शैलेश कुमार,रंजीत यादव, भीम महतो, डॉ प्रकाश, जगन्नांदन पौराणिक, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, आकाश वर्मा,महिला महामंत्री बिंदिया देवी, अमरेश भारती, महेश कसेरा, आकाश वर्मा, सूरज सिंह,गुंजन भारती, तापस राय,सपन दास, पूर्णिमा वर्मा, नितेश जयसवाल, सुरेंद्र साहू, नीतीश मांझी, रवि वर्मा, विटू वर्मा, पंकज महतो, रामकुमार साहू,रामा महतो, संजय साहू, संजय महतो, सरस्वती देवी, निर्मला देवी,छोटू उरांव,संतोष प्रजापति, विवेक अग्रवाल, शुभम मित्तल, मीना बाखला, दीपक साहू,सुनीता देवी समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा गोला प्रखंड में चार उपस्वास्थ्य केंद्रों का किया शिलान्यास

**उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से ग्रामीणों को होगी सुविधाः मनीष जयसवाल**



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ जिला के गोला थाना क्षेत्र के कुम्हरदगा, सोसो कलां, चोकाद व रकुवा गांव में झारखंड सरकार के द्वारा 15 वीं वित आयोग योजना के तहत रविवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल स्थानीय विधायक ममता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन के कर कमलों से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत शिलापट का अनावरण एवं नारियल फोड़कर किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे नियमित जांच और टीकाकरण को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए की गई है। जिससे ग्रामीणों को दूर न जाना पड़े। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण।इन उप स्वास्थ्य केंद्रों के बनने से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ेगा।

## रोशन पाथवे टू डिग्निटी फाउंडेशन द्वारा मठवाटाँड में किया गया नए कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक हैः डॉ अशोक कुमार**



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के रोशन पाथवे टू डिग्निटी फाउंडेशन द्वारा मठवाटाँड में नए कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र से ग्रामीण युवाओं को तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। केंद्र में बेसिक कंप्यूटर कोर्स, डीसीए, टैली, इंटरनेट एवं डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। मौके पर मुख्य रूप से डॉ. आशीष कुमार, नागेंद्र कुमार महतो, विश्वजीत कुमार, अनिल कुमार, नागेंद्र कुमार एवं दिवाकर कुमार , सोनम कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**लोहरदगाः** रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को ले सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर ने की। इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, अफवाहों से बचने तथा किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सदर अंचल अधिकारी राम नारायण खलखो ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी समन्वय के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक में पुलिस गश्ती, बिजली-पानी व्यवस्था और साफ-सफाई आदि पर भी चर्चा की गई। अंत में सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने का संकल्प लिया। मौके पर बालमुकुंद लोहार, मुजम्मिल अंसारी, नेहाल कुरैशी, सिराज अंसारी, अजय पंकज, रितेश साहू, सुरेश ठाकुर,महेंद्र महतो, कुमार संदीप, वार्ड 12 के पार्षद छोटू, रफीक अंसारी,समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय पतरातु में हर्षोल्लास के साथ मना होली मिलन समारोह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू :** रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय पतरातू में भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं और गणमान्य व्यक्तियों का भारी हुजूम उमड़ा।

**भाईचारे और सौहार्द का संदेश**

समारोह की शुरूआत विधायक द्वारा उपस्थित लोगों को गुलाल लगाकर और होली की शुभकामनाएं देकर की गई। पूरा कार्यालय परिसर 'होली है' के जयघोष और पारंपरिक गीतों से गुंजायमान रहा। इस दौरान विधायक चौधरी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी कटुता को मिटाकर प्रेम और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर है। हमारा क्षेत्र एक गुलदस्ते की तरह है, जहाँ हर रंग की अपनी खूबसूरती है। यह मिलन समारोह हमारे अटूट प्रेम और एकजुटता का प्रतीक है।

**कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण**

* पारंपरिक फगुआ गायनः स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक फगुआ और होली गीतों ने समां बांध दिया। उपस्थित लोग ढोल-मंजीरे की थाप पर झूमते नजर आए।
* अबीर-गुलाल की होलीः फूलों और हर्बल गुलाल के साथ लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर उत्सव मनाया।
* व्यंजनों का आनंदः आगंतुकों के लिए विशेष रूप से होली के पारंपरिक पकवानों की व्यवस्था की गई थी।

समारोह के दौरान विधायक ने न केवल लोगों के साथ रंग खेला, बल्कि उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका हाल-चाल भी जाना। क्षेत्र के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जन-जन की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं।

इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में मातृशक्ति व युवा उपस्थित रहे। शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश की।

## कुड़मी अधिकार महारैली में शामिल होने को पतरातू से कुडमी समाज के लोग हुए रवाना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातूः** बृहद झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति द्वारा कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सुचिबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूचित में शामिल कराने की पुरानी लंबित मांग को लेकर कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन प्रभात तारा मैदान धुर्वा में किया जा रहा है ' जिसमे रविवार को कटिया, बरतुआ, पलानी, हरिहर पुर,पालु, रोचाप, तिलैया टांड, डाडीडीह, टेरपा एवं अनेको गांव के लोग पतरातू डेम के पास एकत्रित हुए। जिन्हे बडकागांव विधायक रौशन लाल चौधरी के द्वारा अंग वस्त्र देकर रवाना किया गया। जिसमे मुख्य रूप से कामेश्वर महतो, दिनेश महतो, कौलेश्वर महतो, धनेश्वर महतो,रघुवीर महतो, फूलचंद महतो, बलदेव महतो,मुंशी महतो,शंकर महतो, गोबिंद महतो, अजित महतो, राजलाल महतो, जलेश्वर महतो, सुरेश महतो,गोपाल महतो, श्रवण महतो विशेश्वर कुमार, दिनेश्वर महतो, सूर्यनाथ महतो, सुरेश महतो,दिलनारायण महतो, टेकलाल महतो, गिरधारी महतो, भरत महतो, मनोज महतो, भीम महतो कामेस्वर महतो, भुनेश्वर महतो चमन महतो,बिनोद महतो,प्रेमानन्द महतो,वीणा देवी, पूनम देवी, जातरी देवी, सीता देवी, पानो देवी, सीमा देवी, बासमती देवी, जयमानी देवी, संगीता देवी, आरती देवी, बसंती देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, बालो देवी, मुनीता देवी, शिला देवी, पानो देवी '

## तेली समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



**लोहरदगाः** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का होली मिलन समारोह रविवार को तेली धर्मशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रो.शिव दयाल साहू ने किया समारोह का शुभारंभ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर किया गया होली मिलन समारोह में प्रो. शिवदयाल साहू ने होली।मिलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहपर्व आपसी मतभेद को भुलाकर एकता और भाईचारा बढ़ाने का संदेशदेता है समाज के सभी लोगों ने रंग गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को होली की शुभ कामनाएं दी आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की प्रेरणा ली मौके पर समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी जिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपुसुदन साहू महा सचिव सोहन साहू, लखपति साहू, सत्यनारायण साहू ,अजय मधुर ,मुन्ना साहु, राम बिलास साहू ,बजरंग साहू, विदेशी साहू, मुकेश साहू, भागवत साहू, दिलीप साहू ,कैलाश साहू, रूपेश साहू, अंकित साहू ,हीरा साहू, मुनका साहू, दिनेश साहू ,तेजी साहू, दर्शन साहू, बलराम साहू, सुगन साहू एवं समाज के अन्य लोग शामिल थे।

## अरुणा बुधिया मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट 4.0 का शानदार समापन



**रामगढ़** । बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड द्वारा आयोजित अरुणा बुधिया मेमोरियल इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट टूनार्मेंट 4.0, का आज सिरका क्रिकेट स्टेडियम, रामगढ़ में भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में फेरो फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावर पार्टनर्स को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और जुझारूपन का परिचय दिया।, फेरो फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाए, वही पावर पार्टनर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.2 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। और फेरो फाइटर्स ने यह फाइनल मैच 65 रनों के अंतर से जीत लिया और अपनी सधी हुई बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी ने उन्हें निर्णायक बढ़त दिलाई, जिससे वे विजेता बनने में सफल रहे। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की स्मृति में आयोजित इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों और लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनंत शंकर सेठ, वीपी, जीएफए ने सभी विभागधायक्षों और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द और संगठनात्मक एकता को सुदृढ़ करते हैं। बीएफसीएल परिवार ने विजेता टीम फेरो फाइटर्स को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूरे टूनार्मेंट के आयोजन में सेबाल कुनार, सीनियर मैनेजर, प्रशासन और श्री अतुल कुमार खेतान, एजीएम, अकाउंट्स की भूमिका सराहनीय रही।

## बाइक और कार की सीधी टक्कर में

**बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल, रिम्स रेफर**

**पतरातूः** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत तालाटांड़ में रांची-पतरातू मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह लगभग 9 बजे बाइक और कार की सीधी टक्कर हो गईं। जिसमें बाइक सवार युवक तालाटांड निवासी सनोज मुंडा पिता फूलचंद मुंडा गम्भीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैगन आर कार जेएच 01 डी 6842 पतरात से रांची की तरफ जा रही थी। वहीं बाइक सवार जेएच 01 जी एच 7091 तालाटांड़ से पतरातू की ओर आ रहा था। इसी क्रम में बाइक और कार के बीच टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार सनोज मुंडा चोटिल हो गये। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाईक काफी तेज गति में थी और अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए करेंगे हर संभव सहायता -सुखदेव भगत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**महिला विकास मंडल रायडीह की 20वीं वार्षिक अधिवेशन हुआ संपन्न**



महिला विकास मंडल रायडीह की 20वीं वार्षिक अधिवेशन बख्तर साय मुंडन स्टेडियम रायडीह में संपन्न हुआ जिसमें 13 पंचायत के 844 कार्यशील महिला मंडल के हजारों महिला शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सांसद का महिला मंडल के सदस्यों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा सांसद एवं अन्य अतिथियों को बुके एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने दीप प्रज्वलित कर किया ।महिला मंडल के अध्यक्ष ने विस्तार से एक वर्षों के क्रियाकलाप की जानकारी दिए ।मौके पर सांसद ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ना उन्हें उनके अधिकारों को प्रति जागरूक करना और सामाजिक राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना हम सबों की जिम्मेदारी है आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होगी तो परिवार और देश आगे बढ़ेगा उन्होंने महिलाओं को शिक्षा पर ध्यान देने की बात कहें साथ ही साथ उन्होंने कहा कि डायन बिसाही हमारे समाज के लिए अभिशाप है इसे हमें दूर करने की आवश्यकता है तथा दारू हाड़ी से भी हमें दूर रहने की जरूरत है। सांसद ने महिला मंडल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे आपकी हर सुख दुख में साथ है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में हर संभव सहायता करेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, गुमला जिला परिषद अध्यक्ष, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील, आलोक साहू, संतोष गुप्ता गुड्डू ,मोती चौबे ,सनी, अमित साहू ,जय सिंह ,मुखिया अनूप जी समेत महिला मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## मुर्मू गांव में अंबेडकर जयंती मनाने को ले बैठक आयोजित

**लोहरदगाः**पेशरार प्रखंड के मुर्मू गांव में रविवार को संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को उनकी 136वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक जागरूकता गतिविधियों पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने जयंती समारोह को आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामधारी राम, अजय राम, राहुल कुमार, अरविंद कुमार रवि, मिंटू कुमार रवि, अशोक राम, अकबर अंसारी, इनामुल अंसारी, सोनू अंसारी, दीनू भगत, शनेश्वर भैया, बुद्धदेव भगत, करमचंद सिंह, अर्जुन सिंह, प्रदीप सिंह, मोतीलाल सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप राम, सत्येंद्र राम, विनोद राम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## चित्रांश महापरिवार गोला के द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन




**रामगढ़/गोला।** गोला बक्शीटोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को प्रत्येक वर्ष की भाँति चित्रांश महापरिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वर्तमान चित्रगुप्त कमिटी के साथ साथ सभी चित्रांश बन्धुओं ने अपनी अपनी भागेदारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्वादिष्ट व्यजन, फ्रूट सलाद एवं ठंडई की व्यवस्था की गई थी। जिसका चित्रांश बन्धुओं ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर चित्रगुप्त समाज गोला के सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा ने समाज के सभी बंधुओं से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से होली महापर्व को मनाये तथा समाज को सकारात्मक संदेश दें। मौके पर वरीय अधिवक्ता अनुज कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद बक्शी, सुमन कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार बक्शी, अनुप कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, संजीव सिन्हा₹झुन्नू₹, सुजीत सिन्हा ₹पप्पू₹, राजू बक्शी, मनोज कुमार सिन्हा, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, रजनीश आनंद, अभिषेक सिन्हा₹लाला₹, संजीव कुमार सिन्हा, महेन्द्र बक्शी, जीवन बक्शी, रितेश कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, कुंदन कुमार सिन्हा सहित कई चित्रांश बंधु उपस्थित थे।

# भाजपा ने बताया जनविश्वास और विचारधारा की ऐतिहासिक विजय, बड़े राजनीतिक संकेतों की आहट तेज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा में भाजपा समर्थित, अनिल उरांव की 786 मतों से जीत ने बदली सियासी बिसात**



**लोहरदगाः** नगरपालिका आम निर्वाचनझ्र2026 के परिणाम सामने आते ही लोहरदगा की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। नगर अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल उरांव ने 786 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर न केवल विरोधियों को करारा जवाब दिया, बल्कि नगर की सियासी दिशा को भी नया मोड़ दे दिया है। इस जीत को भारतीय जनता पार्टी ने जनविश्वास, संगठन शक्ति और विकासवादी सोच की निर्णायक विजय बताया है। लोहरदगा नगर परिषद चुनाव में भाजपा के चुनाव संयोजक अजय पंकज एवं चुनाव सह संयोजक सह विहिप अध्यक्ष ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर नगर क्षेत्र के सभी मतदाताओं, समर्थकों और समर्पित कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि यह जीत वर्षों के संघर्ष, संगठन की मजबूती और जनता के अटूट विश्वास का ठोस परिणाम है। नेता द्वय ने कहा कि नगर की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति पर मुहर लगाई है। यह परिणाम स्पष्ट संकेत देता है कि लोहरदगा की जनता अब ठोस काम, जवाबदेही और साफ नीयत वाली राजनीति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि यह विजय आने वाले दिनों में और बड़ी राजनीतिक भूमिका की ओर संकेत करती है तथा संगठन को और सशक्त बनाएगी। नेताओं ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, जिला पुलिस तथा झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है और प्रशासन ने इस दिशा में सराहनीय भूमिका निभाई है। मीडिया कर्मियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया ने निष्पक्ष रिपोर्टिंग कर मतदाताओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।साथ ही उन्होंने नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष अनिल उरांव सहित सभी 23 निर्वाचित वार्ड पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि नई नगर परिषद बोर्ड जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेगी और नगर विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि लोहरदगा की देवतुल्य जनता की सामूहिक इच्छाशक्ति की जीत है। आने वाले समय में नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए जनभागीदारी के साथ तेज गति से कार्य किया जाएगा।

## लोहरदगा में भाजपा समर्थित, अनिल उरांव की 786 मतों से जीत ने बदली सियासी बिसात

**लोहरदगाः** नगरपालिका आम निर्वाचनझ्र2026 के परिणाम सामने आते ही लोहरदगा की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। नगर अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनिल उरांव ने 786 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर न केवल विरोधियों को करारा जवाब दिया, बल्कि नगर की सियासी दिशा को भी नया मोड़ दे दिया है। इस जीत को भारतीय जनता पार्टी ने जनविश्वास, संगठन शक्ति और विकासवादी सोच की निर्णायक विजय बताया है। नेता द्वय ने कहा कि नगर की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति पर मुहर लगाई है। यह परिणाम स्पष्ट संकेत देता है कि लोहरदगा की जनता अब ठोस काम, जवाबदेही और साफ नीयत वाली राजनीति चाहती है। नेताओं ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, जिला पुलिस तथा झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है और प्रशासन ने इस दिशा में सराहनीय भूमिका निभाई है। मीडिया कर्मियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया ने निष्पक्ष रिपोर्टिंग कर मतदाताओं को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।साथ ही उन्होंने नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष अनिल उरांव सहित सभी 23 निर्वाचित वार्ड पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि नई नगर परिषद बोर्ड जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतरेगी और नगर विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि लोहरदगा की देवतुल्य जनता की सामूहिक इच्छाशक्ति की जीत है। आने वाले समय में नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए जनभागीदारी के साथ तेज गति से कार्य किया जाएगा।

# केजरीवाल-सिसोदिया के शराब घोटाला मामले में बरी होने की खुशी, आप कार्यकताओं ने रांची में निकाली न्याय जश्न यात्रा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**रांची।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर दी गयी राहत पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं. रांची में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रांची विश्वविद्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक न्याय जश्न यात्रा निकाली. इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर उनके नेताओं को षड्यंत्र रचकर शराब नीति घोटाले में फंसाया गया था. आम आदमी पार्टी के झारखंड मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने कहा कि जब केंद्र की मोदी सरकार उनके नेता अरविंद केजरीवाल से लोकतांत्रिक लड़ाई नहीं जीत सकी. तो उसने सीबीआई का इस्तेमाल कर एक षड्यंत्र रचा. जिसमें उनके नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ आधारहीन आरोप लगाकर मुकदमा किया गया. प्रभात शर्मा ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट के आये फैसले और सीबीआई के खिलाफ की गई टिप्पणी से साफ है कि कैसे एक साजिश के तहत उनके कट्टर और खांटी ईमानदार नेता अरविंद केजरीवाल का चरित्र हनन किया गया. उन्हें जेल भेजकर यातनाएं दी गयी. जिस शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के कार्यकाल में दिल्ली में सरकारी शिक्षा की सूरत बदल गयी, गरीबों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने लगी, उस शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया को भी साजिश के तहत सिर्फ इसलिए फंसाया गया क्योंकि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आप को परास्त नहीं कर पा रही थी. उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले से साफ हो गया कि आम आदमी पार्टी एक ईमानदार पार्टी है और वह आम लोगों के हितों की राजनीति करती है. न्याय यात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने भाग लिया. जिनमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी शिव चरण गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि यह निर्णय सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है.

# बुंडू में दर्दनाक हादसा: टेंपो की टक्कर के बाद ट्रेलर से कुचलकर युवक की मौत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**बुंडू:** थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ देर तक अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया। मृतक की पहचान दिलीप कुमार महतो (35 वर्ष), पिता रतनलाल महतो, निवासी जामडीह, थाना तमाड़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दिलीप महतो बुंडू के ताऊ सब्जी मार्केट से सब्जी खरीदकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बुंडूझसोनाहातु मुख्य मार्ग पर बीचका टोली के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दिलीप सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहे एक लोडेड ट्रेलर (संख्या: JH09BG 9466) ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए सड़क जाम हो गया। सूचना मिलते ही बुंडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटवाया तथा यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रेलर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल बुंडू पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स, रांची भेज दिया गया। टक्कर मारने वाले अज्ञात टेंपो की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और इलाके में शोक का माहौल है।

## संक्षिप्त खबर

### शिव शिष्य परिवार के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो रामेश्वर मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई





**राँची ,** शिव शिष्य परिवार के मुख्यालय उपवन, HEC, राँची में शिव शिष्य परिवार के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो रामेश्वर मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर शिव शिष्य परिवार के सलाहकार श्री अर्चित आनंद ने मंडल सर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उन्होंने अपना पूरा जीवन शिव के गुरु स्वरूप को जनमानस में स्थापित करने में अर्पित कर दिया और साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के बताए रास्ते पर चलते रहे।वही शिब शिप्य की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमति बरखा आनंद ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर श्री रत्नम,श्री शिवकुमार,श्री भूषण सहित सैकडो की संख्या में शिव शिष्य भाई बहन उपस्थित थे।

### खामेनई की मौत के विरोध में कैंडल मार्च



पूर्वी सिंहभूम, सैयद अली खामेनई की मौत की खबर के बाद शहर में आक्रोश का माहौल देखा गया। रविवार रात मुस्लिम समाज की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर कैंडल मार्च निकाला और घटना के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। शाम करीब साढ़े सात बजे मानगो चौक से महिलाओं का जुलूस ऐनी हुसैन और तहजीब रिजवी के नेतृत्व में निकला, जबकि शास्त्री नगर क्षेत्र से रईस रिजवी और मून रिजवी के नेतृत्व में दूसरा समूह रवाना हुआ। दोनों जुलूस आगे बढ़ते हुए साकची गोलचक्कर पर एकत्रित हुए, जहां प्रदर्शनकारियों ने मोमबत्तियां जलाकर शोक व्यक्त किया और अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए एक मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जकी हैदर ने कहा कि खामेनई की शहादत से ईरान की ताकत कमजोर नहीं होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और अंततः सच्चाई की जीत होगी। उन्होंने फिलिस्तीन के मुद्दे पर भी एकजुटता दिखाने की अपील की। प्रदर्शन में शामिल ऐनी हुसैन ने कहा कि ईरान परमाणु ऊर्जा का उपयोग शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए करता रहा है और उस पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। उनका कहना था कि वैश्विक ताकतें परमाणु हथियारों के नाम पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही हैं, जिसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाना चाहिए। बाबर खान ने भी मंच से अमेरिका की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि एकतरफा दबाव की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी।हुसैनी मिशन के बैनर तले आयोजित इस कैंडल मार्च में मुनीर हसन, कमर हैदर, राशिद रिजवी, मोहम्मद राशिद, इनाम अब्बास, आशकार हुसैन समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### सारंडा में आईईडी धमाके में सहायक कमांडेंट के बाद मुठभेड़ में एक जवान घायल

पश्चिमी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल के मरंगपोंगा और कोलभंगा इलाके में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से सीआरपीएफ की कोबरा 209 बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक घायल हो गए। धमाके के तुरंत बाद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें कोबरा बटालियन के हवलदार विक्रम यादव को गोली लग गई। बताया जा रहा है कि उनके पेट में गोली लगी है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबल खुफिया सूचना के आधार पर जराइकेला थाना क्षेत्र के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान पूर्व से बिछाए गए आईईडी में जोरदार विस्फोट हुआ।

धमाके की चपेट में आने से एक अन्य जवान भी घायल हो गया। विस्फोट के बाद नक्सलियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। कुछ समय तक दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग होती रही।

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट के बाद मुठभेड़ हुई है। घायल अधिकारियों और जवानों को घटनास्थल से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अधिकारियों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। सूत्रों के अनुसार गुवा, छोटानागरा और जराइकेला थाना क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों का एक दस्ता पिछले कई दिनों से सक्रिय था और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। इसी सूचना के आधार पर कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया था।

# रांची में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार





**रांची,** झारखंड की राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर संचालित देह व्यापार रैकेट के खिलाफ पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच युवतियों और तीन युवकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को जानकारी मिली थी कि राजधानी के लालपुर, चुटिया सहित विभिन्न इलाकों में संगठित तरीके से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार रैकेट में दो दर्जन से अधिक युवतियां शामिल थीं, जिन्हें होटलों और किराए के मकानों में रखकर अवैध गतिविधियां कराई जा रही थीं।

सूचना की पुष्टि के बाद एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें रैकेट से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवतियों में अधिकांश रांची और कोलकाता की रहने वाली हैं। छापेमारी के दौरान ग्राहकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में रैकेट संचालित करने वाली महिला सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि महिला सरगना पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से युवतियों को बुलाकर रांची में देह व्यापार का नेटवर्क चला रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपित महिला का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पहले भी जेल जा चुकी है। फिलहाल सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 21 मार्च को मनाया जाएगा प्रकृति महापर्व सरहुल

खूंटी, तोरपा के बांदू गांव में रविवार को दूसरा शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन सरोज तोपनो, रेशमा मिंजूर, रोवा भेंगरा व सुष्मिता गुड़िया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो प्रकृति आधारित है. अब सरना धर्म कोड के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन किया जा रहा है, ताकि हर हालत में सरना धर्म कोड जनगणना परिपत्र में आवंटित हो। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अनदेखा किया जा रहा है जिससे भारत में प्रकृति पूजक को धार्मिक गुलामीऔर धर्मांतरण के लिए मजबूर हो रहे हैं।

धर्मान्तरण रोकने के लिए भारत सरकार को सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करना चाहिए।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि सरकार ने प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए आगामी 21 मार्च, दिन-शनिवार को सरकारी अवकाश घोषित किया है।

सरहुल के लिए अपने घरों, पूजा स्थलों एवं गाड़ियों में नया सरना झंडा लगाया जाएगा और उसी दिन अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल मनाया जाएगा और दोपहर को गाजा-बाजा के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज में पुराने मन-मुटाव, आपसी भेद-भाव, ईर्ष्या-द्वेष, नाकारात्मक विचारों को त्याग कर नए फूल और पत्तों की तरह समाज में अच्छाई-सच्चाई, सुख, शांति, खुशहाली, दया, क्षमा, प्रेम एवं भाईचारा का संचार करना है।

कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, मथुरा कंडीर, मुखिया बिमला डोडराय, बाजु मुंडा, रतिया मुंडा, जयपाल हेंबरोम, जीतु पहान, बिरसा तोपनो, जगदेव मुंडा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, तोरपा, तपकारा, गुमला तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

# रांची में कुड़मी समाज की अनुसूचित जनजाति दर्जे की मांग पर हुंकार, महारैली में उमड़ा जनसैलाब



झारखण्ड उजाला, संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई. रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले आयोजित कुड़मी अधिकार महारैली में राज्य भर से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए. यह महारैली कुड़मी समाज की एकजुटता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बनी, जहां हजारों लोग अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते नजर आए. इनकी मांग है कि एसटी दर्जा और कुड़माली भाषा को मान्यता. रैली में मुख्य रूप से दो प्रमुख मांगें उठाई गईं, कुड़मी-कुरमी समुदाय को ओबीसी की बजाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया जाए. वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि 1931 की जनगणना से पहले झारखंड क्षेत्र में कुड़मी समुदाय एसटी सूची में शामिल था, लेकिन बाद में साजिश के तहत इसे हटा दिया गया. बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि आज का यह जनसैलाब साबित करता है कि कुड़मी-महतो समाज जाग चुका है. हमारा खान-पान, रहन-सहन, पर्व-त्योहार, पूजा-पाठ और बोली-भाषा सब आदिवासियों से मेल खाता है. फिर हमें एसटी की जगह ओबीसी क्यों रखा गया? यह ऐतिहासिक अन्याय अब खत्म होना चाहिए.

# आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के संभागीय सेमिनार में तंत्र साधना और समाज पर मंथन





झारखण्ड उजाला, संवाददाता

शहर में आयोजित द्वितीय संभागीय सेमिनार के दूसरे दिन रविवार को आध्यात्मिक वातावरण और गहन चिंतन के बीच तंत्र साधना के व्यापक स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की गई। आनन्दमार्ग के वरिष्ठ आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत ने तंत्र साधना और समाज के ऊपर उसका प्रभाव विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि तंत्र मनुष्य के अंतर्निहित देवत्वबोध को जाग्रत कर उसे परम चेतना में रूपांतरित करने की सशक्त पद्धति है।

आचार्य ने स्पष्ट किया कि तंत्र साधना का मूल उद्देश्य कुलकुण्डलिनी की सुप्त शक्ति को जाग्रत कर उसे परम शिव से मिलाना है। उनके अनुसार तंत्र कोई संकीर्ण धार्मिक पद्धति नहीं, बल्कि आत्म-विस्तार का मार्ग है जो जाति, वर्ण, संप्रदाय और मतवाद की सीमाओं को तोड़कर साधक को व्यापक चेतना की ओर अग्रसर करता है। यह साधना मनुष्य को पशुवत प्रवृत्तियों और मानसिक बंधनों से मुक्त कर उसके संपूर्ण अस्तित्व को उन्नत बनाती है।

व्याख्यान में तंत्र के दार्शनिक आधार पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि इसकी साधनाएं पुरुषतत्त्व और प्रकृतितत्त्व पर आधारित हैं। बीजमंत्रों की सूक्ष्म शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ह्यह्रं, क्लीं, ऐं, श्रींह्र जैसे बीजाक्षर चेतना को जाग्रत करने वाले ध्वन्यात्मक सूत्र हैं। तंत्र में वर्णमाला के पचास अक्षरों को पचास बीजशक्तियों के रूप में देखा गया है। शुद्धिकरण, नाड़ी तंत्र, कला, आहार तत्त्व और कुलकुण्डलिनी जैसे विषयों की वैज्ञानिक व्याख्या भी तंत्र शास्त्र में मिलती है।

आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत ने कहा कि तंत्र में चक्रों, उनसे संबंधित ग्रंथियों और उपग्रंथियों तथा धातुओं का विशद वर्णन है। उन्होंने यह भी कहा कि साधना की उन्नत अवस्था में साधक को अणिमा, महिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशित्व, वशित्व और अन्तर्यामित्व जैसी सिद्धियों की प्राप्ति हो सकती है। अपने संबोधन के समापन में आचार्य ने कहा कि तंत्र साधना केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और शांति का मार्ग भी है।

# झारखंड में तापमान पहुंचा 36 डिग्री, आनेवाले दिनों में और बढ़ेगा



रांची, राज्य भर में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके कारण दिन में लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि रांची सहित कई जिलों में अभी भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है।रविवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और जमशेदपुर में 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं बोकारो में भी तापमान बढ़कर 34.1 डिग्री के स्तर पर पहुंच गया है। इधर, राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री, लातेहार में 26.3 डिग्री और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम गति की हवा चली। इससे दिन में गर्मी का एहसास नहीं हुआ। वहीं दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। वहीं, रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और 16.4 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### गुरु नानक सेवक जत्था ने अनाथ बच्चों संग मनाई होली, उपहार और मिठाइयां बांटकर बांटी खुशियां



रांची, गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से रविवार को रांची के बड़ा तालाब के समीप स्थित आंचल शिशु आश्रम में अनाथ बच्चों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच होली से जुड़े उपहार, मिठाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हर्बल रंग, पिचकारी, मुखौटे और रंग-बिरंगी टोपियां दी गईं। रंग और पिचकारी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके बाद जत्था के सदस्यों और बच्चों ने मिलकर रंग-गुलाल के साथ होली खेली तथा नृत्य और गीत-संगीत के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। करीब दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में आश्रम परिसर में उत्साहपूर्ण और पारिवारिक माहौल बना रहा। बच्चों ने उनके साथ होली मनाने पहुंचे जत्था के सदस्यों का आभार जताया।

इस अवसर पर राजेंद्र गांधी, सूरज झंडई, कशिश नागपाल, अमन डावरा, छोटू सिंह, कनीश गाबा सहित गुरु नानक सेवक जत्था के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### रांची स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन



रांची, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिवस रविवार को रांची में बीआईटी मोड़ स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने केक काटकर कार्यकताओं के बीच मिठाई वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र और बिहार के अतुलनीय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय तक बिहार और देश की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जदयू नेता डॉ. आफताब जमील, भगवान सिंह, सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, शिवानी लता, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आशीष शीतल मुंडा, अजय सोनी, महेश्वर चौधरी, राजनारायण पटेल, दिलीप महतो तथा रामजी प्रसाद सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में सुशासन और विकास की निरंतर कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

# शहरी क्षेत्रों में झामुमो समर्थित प्रत्याशियों की जीत राज्य सरकार के विकास कार्यों का परिणाम है - एमटी राजा.

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**राजमहल/साहिबगंज**।राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में साहिबगंज जिला के दो अध्यक्ष पद पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थित प्रत्याशी की जीत हुई है यह जीत निश्चित ही क्षेत्र की जनता का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति विकास के अटूट आस्था की जीत है. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के साथ-साथ बरहेट विधानसभा, राजमहल लोकसभा व विधानसभा एवं बोरियो विधानसभा विकास की पथ पर अग्रसर है. सरकार के माध्यम से प्रस्तुत किए गए वित्तीय बजट में भी साहिबगंज जिला को कई बड़े सौगात मिले हैं. जनता ने यह तय किया कि नगर की सरकार भी अगर झामुमो के हाथ होती है तो निश्चित ही शहर में विकास को रफ्तार मिलेगी जिसका लाभ आम जनमानस को मिलेगा. महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी सोच के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने वाली झारखंड की ऊर्जा गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के प्रति महिला मतदाताओं का विश्वास भी शहर की सरकार बनाने में अहम रही है. संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के लगातार कड़ी मेहनत का परिणाम स्वरूप आज जीत का सेहरा अध्यक्ष के रूप में झामुमो समर्थित प्रत्याशियों को मिला है. साहिबगंज नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान एवं राजमहल नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख को जीत की बधाई. इस चुनाव राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, बोरियो विधायक धनंजय कुमार सोरेन, केन्द्रीय सचिव पंकज मिश्रा, जिला अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह व मैं स्वयं अपने अपने स्तर से चुनावी मैदान में रणनीति तैयार कर अध्यक्ष पद को पार्टी के पाले में लाने का काम किए हैं. नगर से लेकर जिला तक के पदाधिकारी सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है.संगठन सर्वोपरि है. हम सभी ने यह साबित किया कि एकजुट होकर संगठन के मार्गदर्शन पर चलने से निश्चित ही सफलता मिलती है और जनता ने संगठन की एक जुट को विकास की रफ्तार के रूप में स्वीकार किया और अपना आशीर्वाद झारखंड मुक्ति मोर्चा को देने का काम किया है. क्षेत्र की मतदाता रूपी जनता के प्रति भी आभार है.

**झामुमो पर जनता ने दिखाया विश्वास – सांसद**

राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थित प्रत्याशियों पर अपना विश्वास दिखाया है. जहां साहिबगंज नगर परिषद एवं राजमहल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर झामुमो समर्थित प्रत्याशी को जनता ने आशीर्वाद दिया है. यह संगठन की एकता एवं झारखंड सरकार के विकास कार्यों का परिणाम है. बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में भी जनता ने सम्मानजनक झामुमो के समर्थन में मतदान किए हैं. जनता के द्वारा दिए गए जनमानस का पूरी तरह संगठन सम्मान करती है और मिले गए आशीर्वाद के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा आगे भी विकास कार्यों के साथ बेहतर प्रदर्शन करेगी.

## घर में आग लगने से सब कुछ जलकर खाक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**मंडरो/साहिबगंज।** झारखंड बिहार सीमा के वार्ड नंबर आठ हाजीपुर फौजदारी गांव में रविवार को पूर्वाह्न में एक घर में किस प्रकार से आग लगी किसी को भी पता नहीं चल पाया, वही पड़ोस की एक महिला ने दूर से देखा कि घर में (कच्चे मकान) में काफी आग धधक रहा है फिर देखते ही महिला ने जोर-जोर से चिल्लाना चालू कर दिया इतने में कई आस-पास के लोगों ने आग बुझाने की अथक प्रयासर किया और आग बेकाबू होने के कारण घर में रखें रसोई गैस स्लेंडर अचानक से जोर की आवाज से फटा और भयंकर आग की लपटें उठ गई, देखते ही देखते पूरा घर का समान नष्ट हो गया कपड़े,वर्तन आभूषण,पलंग घर में रखा सभी समान जल कर खाक हो गया। बता दूं कि घर में आग लगने से पूरी घर जलकर खाक हो गया और आग पर काबू पाने के बाद घर की मालकिन घर में आग लगने की बात सुनकर वापस आई तो सब कुछ खत्म हो चुका था वहीं घर के सभी लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घरों के मालिक पिंटू यादव सुभाष यादव, रामनरेश यादव ने बताया कि हम लोग घर में नहीं थे कुछ लोग पर्व त्यौहार को लेकर मार्केट गए हुए थे, और कुछ लोग अपने-अपने काम को लेकर बाहर निकले थे,जबकि ग्रामीणों द्वारा दमकल को फोन किया गया परंतु आग पर पूरी तरह काबू पाने ओर सब कुछ जलने के बाद दमकल गाड़ी और पुलिस स्थल पर पहुंच पाई तब तक घर का समान राख हो गया। वही घर के लोगों द्वारा लगभग चार लाख रुपए से अधिक का नुकशान बताया गया। वही इस दौरान आग बुझाने आए एक युवक के शीर पर बेल के पेड़ से एक बेल गिर गया जिससे युवक का सर फट गया। सूचना पाते ही पीरपैंती थाना पुलिस मोके पर पहुंच कर आग लगने के कारण का पता करने में लग गई।

## राजमहल थाना क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाह से दहशत, पुलिस ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**राजमहल/साहिबगंज**।राजमहल थाना क्षेत्र में इन दिनों बच्चा चोर की अफवाह को लेकर ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया और आपसी चर्चाओं के माध्यम से फैल रही इस अफवाह को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है।स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजमहल थाना पुलिस ने विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और बिना सत्यापन के कोई भी सूचना आगे साझा न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अब तक क्षेत्र में बच्चा चोरी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना थाना या डायल 112 पर दें, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पुलिस के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया।पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

## कोटालपोखर थाना में शांति समिति की बैठक, होली-रमजान को लेकर प्रशासन अलर्ट



**बरहरवा/साहिबगंज।** आगामी होली के त्योहार और पवित्र रमजान माह को देखते हुए रविवार को कोटालपोखर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने की। इस दौरान त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।प्रशासन की रहेगी पैनी नजर बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसलिए सभी लोग इसे मर्यादित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। साथ ही उन्होंने मुस्लिम समुदाय के रोजा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ गतिविधि से दूर रहें। सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की नजर रहेगी। जनप्रतिनिधियों ने की शांति की अपील बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरोफिना हेंब्रम एवं पंचायत समिति सदस्य रंजीत साह, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल गफुर उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि क्षेत्र में शांति और सद्भाव कायम रहे। इस अवसर पर कोटालपोखर कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रंजीत भंडारी, युवा पंचायत अध्यक्ष समीम मंसूरी, विनोद भगत, राजीव गुप्ता, साजन साह सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और आगामी त्योहारों को सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## तीनपहाड़ थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



तीनपहाड़/साहिबगंज।आगामी होली पर्व को शांति पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर तीनपहाड़ थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक अयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने किया,उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली का त्यौहार भाई चारे और मेल मिलाप का त्यौहार है सभी लोगों को आपस में मिल जुल कर मानना है उन्होंने कहा कि अभी रमजान का महीना चल रहा है इसको भी ध्यान में रखते हुए त्यौहार को मानना है जिस तरह तीनपहाड़ में हमेशा से सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी,पर्व को मिलजुल कर मनाते है इसका चर्चा पूरे जिले में होती है बस इसको कायम रखना है वही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के अप्तजनिक संदेश को शेयर न करें जिससे किसी भी तरह के गलत संदेश लोगो को जाएं,पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों पर नजर जमाए हुए हैं ऐसा करने वाले पर कानूनी करवाई की जाएगी।मौके पर राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन,तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय, कुंदन सिंह,चंदन सिंह,रामदर्शन सिंह, अभय सिंह,मुर्शीद राजा, खुरशीद आलम,चंदन श्रीवास्तव, श्याम यादव, अरविंद पाठक, लक्ष्मण रविदास, राजेंद्र भारती, आकाश साह, अकील हसन,श्रवण कुमार, सलीम बेचन ,वकार अहमद, अब्दुल हामिद, सुजीत राय,रमाकांत मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पर बुधवरिया में दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट संपन्न, शोभापुर ने 7 रन से जीतकर जीती सौरभ सामाजिक ट्रॉफी सीजन 10

**जिला ब्यूरो कृष्ण कांत कुमार**





**राजमहल/साहिबगंज**। राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुधवरिया गांव में होली के शुभ अवसर पर दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया और खेल मैदान में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।टूनामेंट का शुभारंभ पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, जिला परिषद सदस्य राजेश मंडल, अजय दास एवं विकास यादव ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता खेलने का संदेश दिया।टूनामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च 2026, दिन रविवार को शोभापुर और कोदरजन्ना की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शोभापुर की टीम ने 7 रनों से जीत दर्ज कर ह्यसौरभ सामाजिक ट्रॉफी सीजन 10ह्न पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 12,000 नकद राशि एवं चमचमाती ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 8,000 नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण विकास यादव और अजय दास के हाथों संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि यह क्रिकेट टूनामेंट पिछले 10 वर्षों से सौरभ कुमार और रघुवीर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में जेपी, कृष्णकांत, रवि, गगन, लालू, अंगद, रुस्तम, नटवर, विकास, अभिराम, दीपक, नीतीश, रामफल सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। गांव में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता ने होली के उत्सव को और भी खास बना दिया तथा युवाओं में खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा दिया।

## जिला सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का चैंपियन बना नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब



**फाइनल मुकाबले में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब को 06 विकेट से हराया मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डीएसओ कुमार हर्ष, जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा ने विजेता, उपविजेता व खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

**साहिबगंज।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत रविवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। द्रोणाचार्य सीसी टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 154 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आशीष ने 31, मिस्टर एनर्जी ने 35 व प्रीतम ने 36 रन की पारी खेली। नेताजी सुभाष सीसी वे गेंदबाज अनुज ने 4, विवेकानंद व विष्णु ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी सुभष सीसी ने 22.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बना कर 6 विकेट से मैच जीत चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मो फैजान ने 43 व पीयूशम सिंह ने 71 रन की पारी खेली। द्रोणाचार्य सीसी के गेंदबाज मो जुनैद व अनिकेत ने 2-2 विकेट लिए।मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व तारिक अनवर एवं स्कोरिंग मो अशफाक आलम ने किया। नेताजी सुभाष सीसी के खिलाड़ी मो फैजान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डीएसओ सह डीएसई कुमार हर्ष ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामना दी। इसके पूर्व जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता व मैन ऑफ दी मैच नेताजी सुभाष सीसी के खिलाड़ी पीयूशम कुमार सिंह, मैन ऑफ दी सीरीज नेताजी सीसी के खिलाड़ी मो फैजान अहमद, बेस्ट बैट्समैन नेताजी सुभाष सीसी के खिलाड़ी मो फैजान अहमद व बेस्ट बॉलर नॉर्थ कॉलोनी सीसी के खिलाड़ी केशव कुमार एवं फेयर प्ले टीम नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अतिथियों ने अंडर 19 के खिलाड़ी अमूल कुमार, संतोष राज व सचिन कुमार को अंतर जिला टूनामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। वहीं सूर्या नर्सिंग होम के निदेशक डॉ सुमित की ओर से अंडर-16 खिलाड़ी आदित्य ज्ञान मो जुनैद परवेज व अंडर-14 खिलाड़ी ऋषभ राज को किट प्रदान किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, अमित तिवारी, डॉ तुफैल अहमद, मो जाहिद खान, सुरेश साह, राकेश गुप्ता, राकेश रोशन, गोपाल सिंह, वार्ड पार्षद शेखर पासवान, उद्घोषक भगवती पांडेय, फुटबॉलर अनिल रजक सहित दर्जनों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राधानगर पुलिस ने होली पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च,होली का त्योहार शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ मनाएं

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**मुस्लिम समुदाय का माहे रमजान चल रहा है, भाईचारे साथ मनाएं होली,किसी को जबरन अबीर-गुलाल न लगाया जाए**



**उधवा/साहिबगंज।** रगों का त्योहार होली एवं माहे रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर राधानगर थाना पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी थाना प्रभारी गंगा प्रसाद यादव ने किया। थाना मुख्यालय से शुरू होकर फ्लैग मार्च विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरते हुए आमजनों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह लोगों से मुलाकात कर होली एवं रमजान आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वही प्रभारी थाना प्रभारी गंगा प्रसाद यादव ने कहा कि होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होनी चाहिए। यदि किसी के द्वारा विधि-व्यवस्था भंग करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि होली के दिन मुस्लिम समुदाय का माहे रमजान भी चल रहा है, इसलिए किसी पर जबरन अबीर-गुलाल न लगाया जाए, ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार दुबे ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर, आपत्तिजनक पोस्ट या टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन की सोशल मीडिया गतिविधियों पर लगातार नजर बनी हुई है। वहीं बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने कहा कि होली पर्व पर शांति व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाएगी। हुड़दंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 24 घंटे पुलिस प्रशासन आमजन की सेवा के लिए तत्पर और तैयार है। मौके पर एसआई पंकज दुबे, जुमार्ती अंसारी, गंगा प्रसाद यादव, शिवानंद पासवान, एएसआई शिशिर यादव, हकीम मुर्मू, कानू मुर्मू, सुनील कुमार मेहता, सरफुद्दीन खान, श्रीलाल हांसदा, चौकीदार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## राधानगर थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों से आठ फीस मोबाइल की चोरी, थाना में शिकायत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर शनिवार को आठ पीस मोबाइल चोरी हुआ। जिसमें बालुगांव बजार,उधवा चौक,अमानत बजार,पियारपुर बजार में सब्जी खरीदने के दौरान लोगों का मोबाइल चोरी हुआ है।इधर उधवा चौक पर स्थित सब्जी मंडी में एक कथित नवालिक किशोर को रंगेहाथ मोबाइल चोरी करते हुए पकड़कर राधानगर थाना पुलिस के हवाले किया है। मामले को लेकर एक ही पीड़ित युवक ने मोबाइल चोरी होने का शिकायत किया है। लेकिन पुलिस सभी पीड़ित लोगों को मोबाइल चोरी के जगह पर मोबाइल गुम होने का रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**राधानगर में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ समापन,गूँजा राष्ट्रवाद का स्वर**

# शास्त्र और शस्त्र की शक्ति से ही सुरक्षित होगा सनातन- हंसानंद गिरि जी महाराज

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उधवा/साहिबगंज**।उधवा प्रखंड क्षेत्र के राधानगर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची के उपप्रधान काशीनाथ आर्य ने किया। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों ने कलश यात्रा के माध्यम से पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण अपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वृन्दावन धाम से अखिल भारतीय संत महासभा के सदस्य श्रद्धेय स्वामी हंसानंद गिरि जी महाराज पहुंचे। वहीं मंचीय अतिथि के रूप में आरएसएस के विभाग संघचालक डॉ राजकुमार साहा, विभाग प्रचारक अजय कुमार, विभाग कार्यवाह मृत्युंजय जी, समाज सेवी अतुल मंडल सम्मिलित हुए।सनातन संस्कृति के संरक्षण और हिंदू समाज की एकजुटता का संकल्प लेकर सकल हिन्दू समाज के बैनर तले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व में आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में जनसमूह का महाकुंभ उमड़ पड़ा। केसरिया ध्वजों और 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच वक्ताओं ने वर्तमान चुनौतियों पर प्रहार करते हुए युवाओं और महिलाओं को धर्म का रक्षक बनने का आह्वान किया।




इतिहास के पन्नों से भविष्य की नींव सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने भारतीय इतिहास की गौरवशाली परंपरा को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की माटी बलिदानों की गवाह रही है। रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति की बात तभी शोभा देती है जब आपके पास सामर्थ्य हो। ₹श्रीराम का धैर्य और श्रीकृष्ण की रणनीति–आज के हिंदू को इन दोनों के समन्वय की आवश्यकता है। वहीं 'लव जिहाद' पर कड़ा प्रहार करते हुए समाज में बढ़ती कुरीतियों और षड्यंत्रों पर चर्चा करते हुए सम्मेलन में 'लव जिहाद' के मुद्दे पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने इसे केवल सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित जनसांख्यिकीय हमला बताया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को सनातन संस्कारों से जोड़ें ताकि वे किसी भी प्रकार के वैचारिक या छद्म प्रलोभन का शिकार न हों।

**युवा और मातृशक्ति: राष्ट्र के दो स्तंभ**

विभाग प्रचारक अजय कुमार ने कार्यक्रम में युवा शक्ति को राष्ट्र की 'रीढ़' बताते हुए उन्हें अपनी ऊर्जा देशहित में लगाने को प्रेरित किया गया। वहीं, मातृशक्ति के संबोधन में वक्ताओं ने कहा इतिहास गवाह है कि जब-जब धर्म संकट में पड़ा है, जीजाबाई और रानी लक्ष्मीबाई जैसी माताओं ने ही धर्मरक्षक योद्धा तैयार किए हैं। आज की नारी को दुर्गा और काली का स्वरूप धारण कर अपनी संस्कृति की रक्षा करनी होगी। वहीं युवाओं को मोबाइल और पाश्चात्य संस्कृति के जाल से निकलकर ग्रंथों की ओर लौटने का आह्वान किया। समाज सेवी अतुल मंडल ने जाति-पाति के बंधनों को तोड़कर अखंड हिंदू समाज के निर्माण पर जोर देने की अपील की।

वहीं सांस्कृतिक गौरव रामायण और महाभारत को केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की नियमावली बताया। अंत में सम्मेलन के समापन पर हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह ने हाथ उठाकर राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। समापन उपरांत सभी श्रोताओं ने प्रसाद रूपी खिचड़ी का सेवन कर घर को प्रस्थान किए।आयोजकों ने स्पष्ट बताया कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सोए हुए समाज को जगाने का शंखनाद है। इस प्रकार का आयोजन आगे भी होता रहेगा।इस दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगियों की सराहना करते हुए सकल हिन्दू समाज को धन्यवाद दिया वहीं विशेष तौर पर सभी स्वयं सेवको को धन्यवाद दिया।

## बाइक से गिरकर एक व्यक्ति हुआ गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज**।तीनपहाड़-बोरियो मुख्य मार्ग पर शनिवार को देर रात रक्सी स्थान के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत फरक्का, धर्म डांगा निवासी आसिफ हुसैन ( 19 ) एक निजी कंपनी के पाइप लाइन निर्माण कार्य में काम करता है। ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक लेकर राजमहल की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर पड़े पत्थर से टकराकर अनियंत्रित होकर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से बदली सुखी हांसदा की जिंदगी- असुरक्षा से सम्मानजनक आजीविका तक की प्रेरक कहानी

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़** : झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी द्वारा संचालित फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के माध्यम से जिले की महिलाओं के जीवन में व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन हो रहा है। महेशपुर प्रखंड के बाबूदाहा गांव की निवासी सुखी हांसदा की सफलता की कहानी इस अभियान की प्रभावशीलता का जीवंत उदाहरण है, जिन्होंने संघर्षपूर्ण जीवन से निकलकर आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक आजीविका प्राप्त की है। ह्लबर्नी स्वयं सहायता समूहह्व से जुड़ी सुखी हांसदा को वर्ष 2024 में समूह बैठकों के माध्यम से इस योजना की जानकारी मिली। योजना से जुड़ने से पूर्व वे हंडिया बेचकर प्रतिदिन 200झ300 रुपये की अनिश्चित



आय अर्जित करती थीं, जिससे परिवार का भरण- पोषण कठिन था और सामाजिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता था। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में जागरूकता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं–मैया सम्मान योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना–का लाभ मिला तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से नियमित खाद्यान्न प्राप्त होने लगा, जिससे उनके परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मिली। मार्च 2025 में अभियान के तहत उन्हें 25,000 रुपये का ब्याज- मुक्त ऋण प्राप्त हुआ। संस्थागत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के आधार पर उन्होंने बहुआयामी आजीविका मॉडल अपनाया। उन्होंने बकरी पालन से शुरूआत की, जो सफल रहा और आय का स्थायी स्त्रोत बना। इसके साथ ही उन्होंने किराना दुकान खोली तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर फास्ट फूड स्टॉल भी प्रारंभ किया, जिसे वे अपने पति साइमन मरांडी के सहयोग से संचालित कर रही हैं। वर्तमान में वे बकरी पालन, पोल्ट्री, पिग्गरी, किराना दुकान एवं फास्ट फूड स्टॉल के माध्यम से स्थिर आय अर्जित कर रही हैं।आज सुखी हांसदा आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। उनकी आय में स्थिरता आई है, बचत की आदत विकसित हुई है और वे अपने बच्चों को निजी विद्यालय में शिक्षा दिला पा रही हैं। वे अपने समुदाय की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।इस संबंध में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि फूलो झानो आशीर्वाद अभियान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं सामाजिक सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को इस योजना से जोड़कर उन्हें स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।डीपीएम, जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को असुरक्षित एवं गैर-सम्मानजनक कार्यों से मुक्त कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आर्थिक सहायता के साथ प्रशिक्षण, विपणन सहयोग एवं वित्तीय साक्षरता प्रदान की जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।सुखी हांसदा की यह प्रेरक यात्रा दशार्ती है कि उचित मार्गदर्शन, संस्थागत सहयोग एवं दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी महिला अपने जीवन की दिशा बदल सकती है। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थायी सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। चाकुलियाझधालभूमगढ़ मुख्य सड़क पर मुटूरखाम गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक (संख्या जेएच 05 बीटी 8580) से जा रहे मानिक मेहता को किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम जिले के जामबनी थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव निवासी मानिक मेहता के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वह अपने गांव से बाइक से जमशेदपुर स्थित ससुराल जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार और एसआई अजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने युवक को तत्काल चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है।

## मुफस्सिल थाना परिसर में हुआ रोजा इफ्तारी का आयोजन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** रमजान का पाक महीना पूरे अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। इस पवित्र माह में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं तथा समाज में भाईचारा, शांति और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लेते हैं। इसी पावन अवसर पर सामाजिक सौहार्द और आपसी सद्भाव को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पाकुड़ मुफस्सिल थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी गौरव कुमार के नेतृत्व में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आयोजित इफ्तार कार्यक्रम में



क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाज के बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भाईचारे, आपसी सम्मान और साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बना रहा।थाना प्रभारी गौरव कुमार ने कहा कि रमजान का महीना संयम, त्याग, सेवा और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे अवसर पर इफ्तार का सामूहिक आयोजन समाज में एकता और परस्पर विश्वास को मजबूत करने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना भी इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य है, ताकि शांति और सहयोग की भावना कायम रहे।इफ्तार कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और पुलिस-प्रशासन एवं आम जनता के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं।मौके पर मुफस्सिल थाना के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे और सभी ने मिलजुल कर इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला, जो रमजान के वास्तविक संदेश को दशार्ता है।

## कोल ट्रांसपोर्ट एवं परियोजना बंद कराने की चेतावनी, समिति ने उपायुक्त को सौंपा पत्र

**अमर भगत@झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़):** पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं अनुश्रवण एवं नियंत्रण कार्य समिति ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। इस संबंध में समिति की ओर से उपायुक्त, पाकुड़ को एक पत्र सौंपकर कोल ट्रांसपोर्ट एवं परियोजना संचालन पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई है।समिति द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार, दिनांक 16 जनवरी 2026 को ग्रामीणों की बुनियादी समस्याओं एवं सुविधाओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त कार्यालय तथा कोल प्रबंधन के समक्ष दिया गया था। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के



बावजूद अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है और न ही मौखिक अथवा लिखित रूप से कोई सकारात्मक जवाब प्राप्त हुआ है।समिति एवं ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे क्षेत्र में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में समिति ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि 9 मार्च 2026 तक मांगों पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो कोयला खनन एवं कोल ट्रांसपोर्ट कार्य को अनिश्चितकाल के लिए बाधित किया जाएगा।
पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस स्थिति के लिए विभागीय पदाधिकारी एवं कोल प्रबंधन कंपनी स्वयं जिम्मेदार होंगे।इस पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक पाकुड़, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमड़ापाड़ा, थाना प्रभारी अमड़ापाड़ा, हइढउ्रछ तथा इत्र्फ्र माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड को भी भेजी गई है।स्थानीय स्तर पर इस चेतावनी के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की निगाहें आगामी 9 मार्च पर टिकी हैं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो क्षेत्र में कोल परिवहन एवं खनन कार्य प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** आगामी 03 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी के मद्देनजर उपायुक्त मनीष कुमार ने पाकुड़ स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ तथा सीएम एसओई राज +2 उच्च विद्यालय, पाकुड़ का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि नीट-यूजी जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती एवं एडीपीओ पीयूष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## अजय भारती की जीत हुसैनाबाद की जनता की जीतः शेर अली

**हुसैनाबाद का विकास प्राथमिकता होगीः अजय भारती**

**दीपक कुमार, झारखंड उजाला संवाददाता**

**हुसैनाबाद ,पलामूः** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष चुने गए बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती की ऐतिहासिक जीत के बाद इस्लामगंज मोहल्ला से बसपा के विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली के नेतृत्व में गाजे बजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकला। बड़ी संख्या में हुसैनाबाद के विभिन्न मुहल्ले के लोग शामिल हुए। जुलूस का हुसैनाबाद के विभिन्न गली मोहल्लों में फूल माला देकर जोरदार स्वागत किया गया। नेताओं ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया। लोग जीत का श्रेय वरिष्ठ नेता शेर अली की रणनीति और मेहनत के साथ अजय भारती की सादगी और समर्पण को दे रहे हैं। आंबेडकर चौक पहुंचने पर जुलूस सभा में परिवर्तित हो गया। इस मौके पर



शेर अली ने कहा कि अजय भारती की जीत का पूरा श्रेय हुसैनाबाद की जनता को जाता है। हुसैनाबाद की जनता ने सारे चकाचौंध को नकारते हुए ईमानदार और कर्मठ अजय भारती को चुना। उन्होंने हुसैनाबाद की जनता का आभार जताया।उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद नगर क्षेत्र के एक एक वार्ड एक एक मुहल्ले की समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएगा। शेर अली ने कहा कि वह आगे भी इसी तरह जनता की सेवा करते रहेंगे। आगे विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आंदोलन कर सरकार को जगाने का काम भी करेंगे। इस मौके पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि उनके 30 वर्षों की तपस्या का हुसैनाबाद की जनता ने उन्हें इनाम दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत हुसैनाबाद के एक एक नागरिक की जीत है। उन्होंने हुसैनाबाद की जनता का आभार जताते हुए कहा कि वह उनकी कसौटी पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पहले की तरह जनता के सेवक बन कर रहेंगे। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम वह करेंगे। हर व्यक्ति के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उनकी समस्या का हर संभव समाधान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर आरजू खान ने कहा कि यह सच्चाई और ईमानदारी की जीत है। मुसवी राजा ने कहा कि शेर अली जी की मेहनत और हुसैनाबाद की जनता की दूर दृष्टि का परिणाम है।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**श्री चेती दुर्गा पूजा महासमिति के पुनः अध्यक्ष बने शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक और मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू**

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब के द्वारा आज एक बैठक बुलाई गयी। इस बैठक की संचालन राजकुमार गुप्ता ने की और साथ ही अध्यक्ष श्री शंकर दुबे जी ने अध्यक्षता किया। कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) जी के द्वारा पिछले वर्ष 2025 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसेमैं पहले पुरानी कमिटी भंग कर के उसके बाद वही कमिटी को हॉर्स हुलास से सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। उसके बाद सभा अध्यक्ष ने मुख्य संरक्षक एवं संरक्षक मंडली को छोड़कर के सभी पदाधिकारीयों को सवचारु रूप से वही कमिटी को चलाना हैं। और पूजा धूमधाम मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,राज कुमार गुप्ता, उदय साहू,कुमार राजा, रवि कुमार (पिंकू), गोपाल पारीक, संजय



सिंह (लल्लू),राहुल सिंह, महेश चन्द्रा, दीपू सिंह, गणेश सिंह,शुभम वर्मा, दिलीप गुप्ता, विशाल कृष्णा, राजू चौरसिया, सुनील यादव, रौनक साबु,नवीन गुप्ता,नन्द सिंह चंदेल,उमंग सुल्तानिया, प्रिंस मेहता,रिक्की वर्मा, प्रकाश पासवान, शुभम वर्मा, ऋषभ सिंह, नीकु वर्मा,करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरभ रजक, आकाश रजक,बबलू वर्मा,आयुष रजक, प्रियांशु वर्मा, यश वर्मा, आयुष वर्मा, राहुल रजक एवं समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे और बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया और साथ ही सब को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनायें दिया।

## रंगों के उत्सव में सजी सिंदरीः सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप की महिलाओं ने मनाया होली मिलन, भाजपा नेत्री तारा देवी ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा



**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप की महिलाओं ने रविवार को रंग और उमंग के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। सिंदरी के स्थानीय रेस्तरां में रविवार को सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप की महिलाओं द्वारा भव्य होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी शामिल हुई। इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें गीत- संगीत और नृत्य ने माहौल को पूरी तरह से होलीमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने स्वादिष्ट मिष्ठानों और व्यंजनों का आनंद लिया ।पूरे आयोजन में उत्साह भाईचारा और आपसी प्रेम का संदेश देखने को मिला। श्रीमती तारा देवी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं, वहीं सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर ग्रुप की अध्यक्ष नीलम पांडेय ने कहा कि होली हमें भेदभाव मिटाकर एकता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है ।ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। होली मिलन समारोह में सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर अध्यक्ष नीलम पांडेय, भाजपा नेत्री रंजना शर्मा ,संगीता सिंह ,आशा देवी ,उमा शर्मा, प्रीति कुमारी, शंपा सील, चाइना पाल, प्रतिमा देवी उपस्थित थीं।

## हजारीबाग प्रेस क्लब का होली मिलन समारोहः रंगों, संगीत और भाईचारे की धूम,जिले के नए मेयर शामिल ।क्लब में भी अपनी पूरी चमक-दमक के साथ मनाई गई होली



**हजारीबाग।** रंगों का त्योहार होली इस बार हजारीबाग प्रेस क्लब में भी अपनी पूरी चमक-दमक के साथ मनाई गई। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में जिले भर के पत्रकारों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और आपसी सौहार्द, हंसी-मजाक तथा पारंपरिक उत्सव के रंग में डूबकर खुशियां मनाईं। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक वाद्य यंत्रों–ढोल, मंजीरा और शहनाई–की मधुर धुनों से हुई, जिसने पूरे सभागार को उत्सवमय माहौल में ढाल दिया। जैसे ही बॉलीवुड का मशहूर गीत ₹रंग बरसे भीगे चुनर वाली गूंजा, पूरा हॉल झूम उठा। पत्रकार साथी ₹बलम पिचकारी₹, ₹होली के दिन दिल खिल जाते हैं₹ जैसे लोकप्रिय गीतों पर जमकर थिरके और नाच-गाकर होली की मस्ती में खो गए। पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। इस मौके पर झारखंडी व्यंजनों का खास इंतजाम किया गया था। बर्रा, धुस्का, मालपुआ सहित कई स्वादिष्ट पारंपरिक पकवान परोसे गए, जिनकी खुशबू और लाजवाब स्वाद ने हर किसी का मन मोह लिया। भोजन के साथ-साथ प्राकृतिक गुलाल और अबीर से होली खेली गई। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं और प्रेम, भाईचारे व एकता का संदेश फैलाया। समारोह के दौरान विशेष आकर्षण रहे नवनिर्वाचित महापौर अरविंद कुमार राणा जो प्रेस क्लब के ही सदस्य हैं। उनके आगमन पर सभागार में उत्साह की लहर दौड़ गई। पत्रकार बंधुओं ने उन्हें गुलाल-अबीर लगाकर जोरदार स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। सभी ने शहर के विकास और जनसेवा में उनकी प्रतिबद्धता पर भरोसा जताया।कार्यक्रम के समापन पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह और सचिव दीपक सिंह ने सभी सदस्यों, सहयोगियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब आगे भी ऐसे सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन करता रहेगा, ताकि समाज में प्रेम, एकजुटता और सौहार्द की भावना और मजबूत हो सके।यह होली मिलन सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि पत्रकार समुदाय की एकता और खुशहाली का प्रतीक बना। हजारीबाग प्रेस क्लब ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संवाद और सौहार्द के माध्यम से समाज को जोड़ना कितना आसान और खूबसूरत है।

## भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन



**विधायक रोशन लाल चौधरी ने कार्यकताओं को लगाया रंग-अबीर-गुलाल, एकता और संस्कृति पर जोर**

**बड़कागांव/उरीमारी (हजारीबाग)ः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल में होली के पावन अवसर पर उत्साह और भाईचारे का रंग बिखरा रहा। मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव के संचालन में उरीमारी चेक पोस्ट के निकट एक भव्य *होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन* का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने कार्यकताओं के बीच पहुंचकर जमकर रंग-अबीर-गुलाल लगाया। हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष *टुन्नू गोप* सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार की खुशियां साझा कीं ।विधायक रोशन लाल चौधरी ने मौके पर संबोधित करते हुए कहा, ₹होली जैसे पावन त्योहार हमें एकजुट होने और मिलजुल कर रहने का संदेश देते हैं। हमें सभी त्योहारों को गर्व के साथ मनाना चाहिए, अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए धर्म के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सारे गिले-शिकवे भुलाकर अबीर-गुलाल लगाएं और भाईचारे की मिसाल कायम करें ।₹ उन्होंने आने वाले अन्य त्योहारों की भी शुभकामनाएं दीं ।समारोह में कार्यकताओं का जोशीला उत्साह देखते ही बनता था। सभी को अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो उठा ।मौके पर मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, सांसद प्रतिनिधि पुनम साहू, जुगनू सिंह, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, अनीता देवी, दिनेश करमाली, कार्तिक उरांव, त्रिवेणी महतो, जुगेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, भागीरथ ठाकुर, मनीष पांडे, उदय चौधरी, सुमन गिरि, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कालीचरण साव, विष्णु गुप्ता, फुलचंद बेदिया, जुगेश बेदिया, तापेश्वर सिंह, किशोर राणा, कृष्णा गुप्ता, मेघन यादव, नितेश वर्मा, कार्तिक मांझी, उमाशंकर मेहता, उमेश कुमार, राजेश प्रजापति, विरण गोप, सुगिया देवी, विनोद गोप, सुदामा रजवार, कुंवर महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं में नई ऊर्जा और एकता का संचार करने में सफल रहा, जो पार्टी की जमीनी ताकत को दशार्ता है। होली की खुशियां और संगठन की मजबूती का यह शानदार संगम रहा

# उपायुक्त ने झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत का किया सघन निरीक्षण, सखी मार्ट का उद्घाटन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** सदर प्रखंड अंतर्गत झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत का उपायुक्त द्वारा व्यापक एवं सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
निरीक्षण के क्रम में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं- जल संरक्षण संरचनाएं, बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी एवं अन्य परिसंपत्ति निर्माण कार्यों–का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया।उपायुक्त ने मजदूरों को समय पर भुगतान, कार्यों की गुणवत्ता तथा परिसंपत्तियों के दीर्घकालिक उपयोग को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सामुदायिक भागीदारी बढ़ाकर योजनाओं को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने समूहों के उत्पादन, विपणन एवं वित्तीय प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, प्री-स्कूल गतिविधियों एवं अभिलेख संधारण की जांच की गई। उपायुक्त ने कुपोषण उन्मूलन तथा नशा मुक्त पंचायत के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नियमित मॉनिटरिंग एवं सामुदायिक सहयोग सुनिश्चित करने को कहा।विद्यालय निरीक्षण के दौरान नामांकन, उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, आधारभूत संरचना एवं शिक्षण गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने शिक्षकों को सीखने के परिणामों में सुधार हेतु नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पंचायत सचिवालय के निरीक्षण में अभिलेखों के संधारण, नागरिक सेवाओं की उपलब्धता एवं जन शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्ध सेवा वितरण को सुशासन की आधारशिला बताते हुए इसे सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा सखी मार्ट का उद्घाटन भी किया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित यह सामुदायिक विपणन केंद्र स्थानीय उत्पादों के विपणन का सशक्त मंच बनेगा। यह पहल महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने कहा कि ह्लग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। सभी विभाग समन्वित प्रयासों से कार्य करें ताकि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे।ह्वनिरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचलाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया, डीपीएम जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा, डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश, बीपीओ अजित टुडु, जिला समन्वयक सुमन मिश्रा संबंधित विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं उपस्थित थीं।

## उपायुक्त की पहल पर समाहरणालय परिसर में पुनः रक्तदान शिविर आयोजित, कुल 36 यूनिट रक्त संग्रहित




**हजारीबागः** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार शनिवार को समाहरणालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुनः रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की इस मानवीय पहल को अधिकारियों एवं कर्मियों का व्यापक समर्थन मिला तथा उन्होंने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। शनिवार को आयोजित शिविर में 8 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इससे पूर्व आयोजित शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया था। इस प्रकार दोनों शिविरों को मिलाकर अब तक कुल 36 यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका है। यह संग्रहित रक्त गंभीर रूप से बीमार एवं आपातकालीन स्थिति में उपचाररत मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उपायुक्त ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान केवल सेवा नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा इस मानवीय अभियान से निरंतर जुड़े रहने की अपील की। उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह के देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त ने कहा कि भविष्य में भी समाहरणालय परिसर सहित अन्य सरकारी संस्थानों में नियमित अंतराल पर रक्तदान शिविर आयोजित की जाएगी ताकि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर का सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन किया गया। जिला प्रशासन ने इस जनहितकारी पहल को आगे भी सतत रूप से जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## झारखंड स्टेट बेस्ट पीएलवी के रूप में शाहिद हुसैन हुए सम्मानित, मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणझ्झालसा की 6वीं राज्य स्तरीय बैठक में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पारा लीगल वॉलेंटियर पीएलवी शाहिद हुसैन को झारखंड राज्य सर्वश्रेष्ठ पीएलवी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शौर्य सभागार, डोरंडा, रांची में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य भर के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं पीएलवी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि सुजीत नारायण प्रसाद न्यायाधीश, झारखंड हाई कोर्ट एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शाहिद हुसैन के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने में पीएलवी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे समर्पित कार्यकताओं का सम्मान अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।बैठक में झालसा की सदस्य सचिव श्रीमती रंजना अस्थाना, उप सदस्य सचिव अभिषेक कुमार, विभिन्न जिलों के जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सभी जिलों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शाहिद हुसैन की इस उपलब्धि से लोहरदगा जिले में खुशी की लहर है और इसे जिले के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है।

# होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबागः** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार शनिवार को टाउन हॉल में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने विचार एवं सुझाव प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। सदस्यों ने होली पर्व को आपसी समन्वय, भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने पर बल दिया। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया कि सभी नागरिक आपसी सहयोग एवं सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाएं। किसी भी प्रकार की विकट परिस्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करना सुनिश्चित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। होली पर्व के मद्देनजर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, गश्ती बढ़ाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने क्षेत्र में अलर्ट एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

## पंडवा हत्याकांडः एक और मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**पलामूः** जिले के पंडवा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव में पवन कुमार की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस कांड के नामजद आरोपी योगेन्द्र कुमार महतो उर्फ योगेन्द्र महतो को गिरफ्तार कर लिया है।
क्या है पूरा मामला?
यह मामला पंडवा थाना कांड संख्या-13/2026 से जुड़ा है। घटना की शुरूआत तब हुई जब कोकरसा निवासी मनोज राम ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया। आरोप था कि उनके 25 वर्षीय पुत्र पवन कुमार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में 4 नामजद और 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब तक की कार्रवाई पुलिस इस मामले में लगातार छापेमारी कर रही है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसारः23 फरवरी 2026ः अनुसंधान के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों, पारसनाथ मेहता और बिरेन्द्र महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस ने 01 मार्च 2026 को फरार चल रहे मुख्य आरोपियों में से एक, 37 वर्षीय योगेन्द्र कुमार महतो (पिता- बिगन महतो) को पुलिस ने धर दबोचा और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी सफाई कर्मियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की

**नगर परिषद द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति**

**यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**



पाकुड़ : नगर परिषद कार्यालय, पाकुड़ द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला भीवीडी पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, डीएसपी अजय आर्यन, सिटी मैनेजर, नगर थाना प्रभारी, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, सभी कर्मचारी, दैनिक श्रमिक एवं अन्य कर्मीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ। पूरे परिसर में आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला।अपने संबोधन में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर त्योहार मनाने, समाज में एकता बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व शांति, भाईचारे एवं आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार का आनंद ले सकें। उन्होंने अफवाहों से बचने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह भी किया।नगर परिषद के प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी

## सिंदरी में होली मिलन सह सम्मान समारोह, सैकड़ों की उपस्थिति

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**सिंदरी/धनबाद।**ऑल इंडिया स्मॉल एंड मिडियम जनीर्लीस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में विद्यापति परिषद, सिंदरी में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने दिया। समारोह में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राजपूत विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह एसोसिएशन के आजीवन सदस्य अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है तथा पत्रकार समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। सम्मानित अतिथि पीडीआईएल के पूर्व महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार मिश्र ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ हैं और उनके हित में कार्य करना सराहनीय पहल है। इस अवसर पर वार्ड 54 के नवनिर्वाचित पार्षद नीरज कुमार सिंह, महेंद्र पांडेय,



विदेशी सिंह, ब्रजेश सिंह, नई पत्रवर्ता के प्रकाशक राजकिशोर सिन्हा, प्रशांत कुमार दूबे, रंजना शर्मा, अनिमा सिंह, अकरम रजा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, गीतांजलि श्रीवास्तव, रतन कुमार अग्रवाल, विजय ठाकुर एवं गणेश कुमार, को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में कुलबीर सिंह, सुजीत सिन्हा, राजकुमार शर्मा इत्यादि मौजूद थे। सम्मानित व्यक्तियों ने आयोजन के लिए एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## शांति व सौहार्द से मनाए होली का त्यौहार हुडदंगी से बचें: राधा तिर्की

**शांति समिति की बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा**

**लोहरदगाः** रंगों का त्यौहार होली को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना परिसर में सम्पन्न हुआ विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लिया गया और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने हुडदंगी तथा अफवाह से दूर रहने का किया अपील उक्त बैठक लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना परिसर में जिप सदस्य की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने सभी समुदाय के लोगों और शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में हुड़दंगी न करें सभी लोग मिलजुल कर शांति व सौहार्द से रंगों का पर्व होली मनाएं। गौरतलब हो कि यह त्यौहार रंगहीन जीवन को रंगीन करने के लिए ही होली का त्यौहार रंग अबीर और गुलाल के साथ मनाया जाता है। थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि शांति भंग करने के उद्देश्य से जो भी अफवाह फैलायेंगे उन पर नियम संगत कानूनी करवाई किया जाएगा। साथ ही कहा कि गांव में शोसल मिडीया के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह फैलाता है तो वैसे लोगों को चिन्हित कर प्रशासन को खबर करें। तथा वैसे लोगो के विरुद्ध पुलिस की पैनी निगाहें रहेगी। जो लोग रंग लेने से परहेज करते हैं वैसे लोगों पर जबरन रंग नही डालेंगे सभी लोग मिल जुल कर भाईचारा के साथ त्यौहार मनाएं जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे और रंगों का त्यौहार होली की खुशी व्यतीत हो। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला,उप प्रमुख पॉल पन्ना,मुखिया शोभा देवी,एस आई दयानन्द सरस्वती,ए एस आई राजकुमार बैठा के अलावे प्रमोद महतो,शौकत अंसारी,महावीर साहू,इम्तियाज अंसारी,सरिता देवी,पूनम देवी,फिरोज अंसारी,गोपाल उरांव,गफार अंसारी,बालेश्वर उरांव,रामलगन महतो,विजय सोनी सहित शांति समिति के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

## अवैध कोयला परिवहन पर मालपहाड़ी ओपी की बड़ी कार्रवाई, 20-22 क्विंटल कोयला जब्त

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़।** जिले में अवैध खनन एवं कोयला परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला ढुलाई के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। मालपहाड़ी ओपी थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान रामनगर स्थित खाली मैदान के पास से अवैध रूप से कोयला परिवहन करते हुए कुल 08 साइकिलों को जब्त किया गया। सभी साइकिलों पर भारी मात्रा में कोयला लदा हुआ था।पुलिस द्वारा की गई जांच में जब्त साइकिलों पर लगभग 20 से 22 क्विंटल अवैध कोयला लोड पाया गया। यह कोयला चोरी करके ले जाया जा रहा था जो स्पष्ट रूप से अवैध गतिविधि की श्रेणी में आता है।थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अवैध कोयला के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें यह सफलता मिली।इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस पूरे नेटवर्क की पहचान करने में जुट गई है। आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और आने वाले दिनों में इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

# एनएमएल केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने 68वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 में जीते कई प्रतिष्ठित पुरस्कार

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**




**केरेडारी /हजारीबागः-** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) की केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने 68वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुरक्षा, संचालन और नवाचार के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति को एक बार फिर साबित किया है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में परियोजना ने ओपन कास्ट माइंस श्रेणी में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। मुख्य पुरस्कारों में शामिल हैं:
ओवरऑल ओपन कास्ट माइंस (ग्रुप-ए) श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
- डस्ट सप्रेशन एवं अग्निशमन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार
- एक्सकेवेशन वर्कशॉप श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
- मॉडल (स्टॉल) श्रेणी में तृतीय पुरस्कार

ये सम्मान केरेडारी खनन विभाग और पूरी परियोजना टीम के लिए गर्व का विषय हैं। यह सफलता मजबूत नेतृत्व, टीमवर्क और सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण का नतीजा है।
परियोजना प्रमुख श्री के. चंद्रशेखर के दूरदर्शी नेतृत्व, महाप्रबंधक (खनन)/माइन एजेंट श्री बी.वी. रमेश कुमार के प्रभावी मार्गदर्शन तथा सभी विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग व समन्वय से यह उपलब्धि संभव हुई।
एनएमएल केरेडारी में सुरक्षा को महज एक नियम या दायित्व नहीं माना जाता, बल्कि यह कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग, टीम की पहचान और निरंतर उत्कृष्टता की मजबूत नींव है। अनुशासन, नवाचार और सुरक्षा के प्रति यह प्रतिबद्धता परियोजना को कोयला खनन क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण बनाती है। परियोजना परिवार को हार्दिक बधाई! यह जीत सुरक्षित, उत्पादक और टिकाऊ खनन की

## खूंटी के एमवीआइ पर मारपीट का आरोप, कई चालक पहुंचे थाना



**खूंटी।** हजारीबाग जिले के बरही निवासी रमेश यादव नामक ट्रक चालक ने खूंटी के मोटर वाहन निरीक्षक(एमवीआइ ) मोहम्मद शाहनवाज पर गाली गलौज और मारपीट करने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए खूंटी थाने में आवेदन दिया है। इस घटना के संबंध में रमेश यादव ने रविवार को खूंटी थाने में बताया कि वह जिंदल कंपनी रायगढ़ से माल लेकर शनिवार को रांची जा रहा था। रांची में नो एंट्री हो जाने के कारण वह कालामाटी स्थित भारत पेट्रोल पंप के निकट अपना ट्रक लगाकर ट्रक में सो गया। रात लगभग 11:30 बजे एमवीआइ मोहम्मद शहनवाज वहां पहुंचे और ट्रक का दरवाजा खोलकर गाली गलौज करते हुए गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की मांग करने लगे। जब चालक ने सभी कागजात दे दिए, तब शहनवाज ने कहा कि ट्रक ओवरलोड है। यह कह कर मारपीट करने लगे और जबरन ट्रक को दतिया रोड में ले जाकर खड़ा करवा दिया और कहा कि जो मैनेज करना है वह ऑफिस में आकर करो। रविवार सुबह चालक ने अपने परिवार को किसी दूसरे के फोन से सूचना दी। साथ ही छत्तीसगढ़ के कई चालकों को भी घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही रविवार को कई ट्रक चालक वर्दी में खूंटी थाना पहुंचे और एमवीआइ के खिलाफ आवेदन देखकर कानूनी कार्रवाई की मांग कीइस संबंध में पूछे जाने पर एमवीआइ मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि मारपीट की बात बे बुनियाद है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के चालकों ने अपना एक संगठन बना रखा है और उसी के बल पर अवैध कम करते हैं। संगठन के बल पर धौंस जमाते हैं। उन्होंने कहा कि मारपीट या गाली गलौज की बात आधारहीन है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक ने ही उनके और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। ट्रक में जो कमी पाई गई, उसके आधार पर चालान काटा गया है।

# महिला वोटरों पर निर्भर है जीत-हार का फैक्टर



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर आंकड़ा महिलाओं का है। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा। हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान किया था। बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं। हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण रिपोर्टस संकेत इस बार भी ऐसे ही दिखा रही हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार चुनाव में महिलाएं लैंगिक सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। हिंदी पट्टी वाले राज्यों में चुनावी समर में पुरूषों के मुकाबले महिला ज्यादा बढ़चढ कर हिस्सा लेती हैं जिनमें बिहार सबसे अव्वल है। चुनाव चाहे सांसदी के हों या विधानसभा के या फिर पंचायत के, सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। पूर्व के इन आंकड़ों को देखते हुए जारी बिहार चुनाव में तकरीबन सभी सियासी दल महिला वोटरों पर ही ज्यादा दांव लगा रहे हैं।

इतना तय है कि महिलाएं इस बार चुनावी गच्चा खाने के मूड में हैं नहीं? झूठे वादों में नहीं फंसेगी। पिछले चुनाव में एनडीए के खाते में 40 फीसदी वोट पड़ने वाला समूह शांत दिखाई पड़ता है। चुनावी वायदों को महिलाएं अपने नजरिए से परख रही हैं। बिहार के चुनावी उत्सव में चाहे महिला वोटर हों या विधायक? एकाध दशकों में इनकी भागेदारी सरकारों में भी रही हैं। विधानसभा-2020 में महिला उम्मीदवारों ने रामनगर, धमदाहा, प्राणपुर, कोढ़ा, गौराबौराम, गोपालगंज, राजापाकर, महनार, कटोरिया, मोकामा, मसौढ़ी, संदेश, नोखा, नरकटियागंज, बेतिया, केसरिया, परिहार, बाबूबरही, फुलपरास, त्रिवेणीगंज, शेरघाटी, बाराट्टी, हिसुआ, बारसलीगंज और जमुई में विजयी पताका लहराया था।



महिलाओं के लिए मौजूदा विधानसभा-2025 चुनाव यह निर्धारित करेगा कि जनकल्याण के माध्यम से सशक्तीकरण वास्तिव स्वायत्ता में तब्दील होता है या सिर्फ चुनावी सुविधा ही बनकर रह जाएगा। पिछले आंकड़ों को देखकर भाजपा का पूरा फोकस महिलाओं पर है। तभी, तो उन्होंने चुनाव तारीखों की घोषणा से पूर्व ही ह्यमुख्यमंत्री महिला रोजगारह्न स्कीम के तहत लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस-दस हजार रूपए की नगद धनराशि पहले ही भेज दी हैं। पैसा पाकर महिलाएं खुश जरूर हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं की वह ह्यनोट के बदले वोटह्न देंगी या नहीं? इस स्कीम पर महिलाओं को संशय इसलिए है कि ये घोषणा नीतीश कुमार ने नहीं, बल्कि दिल्ली से प्रधानमंत्री द्वारा हुई। क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी एक घोषणा उन्हीं के द्वारा की गई थी, जो अभी तक लागू नहीं हुई है। इन सभी तथ्यों की समीक्षाएं महिलाएं इस बार कर रही हैं। महिला वोटरों को रिझाने में कोई भी सियासी दल पीछे नहीं हैं? सभी अपनी-अपनी हैसियत अनुसार वादा कर रहे हैं? जबकि, बिहार में दूसरा सबसे मजबूत दल आरजेडी ने तो प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी देने की भी घोषणा की है। कुल मिलाकर, बिहार का मौजूदा चुनावी गणित आधी आबादी के ईद-गिर्द ही घूम रहा है।

चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर आंकड़ा महिलाओं का है। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा। हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान किया था। तो उस ऐलान को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया था। वोटरों के अलावा उम्मीदवार के तौर भी दर्जनों महिला इस बार भी मैदान में हैं। 11 विधानसभाओं में 10 पुरुष वोटरों की तुलना में 9 महिला मतदाता हैं। 11 विधानसभा क्षेत्रों से ही लिंगानुपात ठीक होने पर महिला विधायक निर्वाचित हुई जिनमें त्रिवेणीगंज, धमदाहा, कोढ़ा, राजापाकर, कटोरिया, संदेश, शेरघाटी, बाराचट्टी, हिसुआ, वारसलिगंज और जमुई विधानसभा शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव-2020 में एनडीए के लिए शराबबंदी का वादा तुरुप का पत्ता साबित हुआ था। महिलाओं ने खुलकर जेडीयू का समर्थन किया था। हालांकि वह वादा धरातल पर उतना कारगर साबित नहीं हुआ, जितने की उम्मीद महिलाएं लगाकर बैठी थीं। क्योंकि लोग शराब अब पी रहे हैं। ऐसा भी नहीं हुआ कि शराबबंदी के बाद बिहार में शराब का कहीं कोई टोटा दिखा हो। जितनी चाहो उतनी शराब तस्कर शराब मुहैया करवा देते हैं। चोरी छिपे धड़ल्ले से शराब की तस्करी जोरों पर है। शराबबंदी में शराब माफिया चांदी काट रहे हैं। प्रशासनिक मिलीभगत से अवैध शराब का धंदा खूब फलफूल रहा है। इसलिए इस बार महिलाओं का रुझान नीतीश के पक्ष में एकतरफा नहीं दिखाई देता। किधर मूव करेगा, ये भी कहना जल्दबाजी होगा। युवा आबादी तेजस्वी की ओर आर्कर्षित है, ऐसी तस्वीर उनकी रैलियों में भारी मात्रा में उमड़ती भीड़ बताती है। महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री, तेजस्वी यादव भी जानते हैं। गुजरे 20 वर्षों से कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार को बदलकर नया चेहरा लाने को भी महिलाएं आतूर दिखती हैं। नीतीश के पीछे सत्ता विरोधी मुद्दे भी कई हावी हैं। वहीं, महाराष्ट्र की तरह इस चुनाव से भाजपा अपना स्वयं का प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। इस दिशा में उन्होंने जेडीयू और अपने लिए बराबर-बराबर सीट बांटकर पहला कदम बढ़ा भी दिया है। इसलिए ये चुनाव नीतीश के 20 वर्ष का सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय प्रदाता छवि से अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा भी कह सकते हैं। पिछले विधानसभा में भाजपा ने 74 सीटें जीती थी। जबकि, जेडीयू मात्र 43 पर सिमट गई थी, बावजूद इसके अनुकूल परिस्थितियों को भांपकर भाजपा ने दूसरे नंबर पर रहने का समझौता किया था। लेकिन इस बार की स्थिति पहले से जुदा है। दोनों दल 101-101 सीटों पर लड़ रहे हैं। चुनाव परिणाम में अगर भाजपा की एक भी सीट इस दफे ज्यादा आई, तो उनका मुख्यमंत्री किसी भी सूरत में बनेगा। अगर ऐसा हुआ, तो नीतीश कुमार फिर से पलटने में देर नहीं करेंगे।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा. नए काम शुरू होंगे और सोचे हुए काम भी पूरे होंगे. काम भी पूरे हो सकते हैं. संपत्ति के कामकाज पर ध्यान देंगे. आपका पराक्रम बढ़ सकता है. सौदेबाजी में बहुत अच्छी सफलता भी मिलने के योग हैं. आपका दिन परिवार, निजी जीवन और पैसों के मामले में ही बीत सकता है. जरूरी कामों की योजना बन सकती है. अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान दें. पार्टनर के लिए समय निकालें. सेहत के मामले में सावधानी जरूर रखें.

**वृषभ राशि :-** आज भागीदारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है. इस कारण आप बेचैन और अनिश्चित हो सकते है. आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है. व्यापारी वर्ग को सार्वजनिक समर्थन हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता हैं. आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे, वह आप पर हावी हो सकते हैं. किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं.

**मिथुन राशि :-** आज अचल संपत्ति में लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई देते हैं. आज का दिन प्यार मामलों के मामले में बहुत खास होगा. भाई-बहनों के साथ तर्क आपको काफी उदास कर सकता है और आप असहाय महसूस कर सकते हैं. परिवार में किसी को सुधारने का जिम्मा आप खुद उठा सकते हैं. रिश्तों के बीच आपसी समझ बढ़ाने के लिये भी दिन अच्छा है. आपको किसी प्रॉपर्टी से मुनाफा हो सकता है. आज आपको विवाह प्रस्ताव भी मिल सकते हैं?.

**कर्क राशि :-** नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है.परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा. कोई नया ऑफर भी मिल सकता है. सोचे हुए काम शुरू कर दें, आपके काम जल्दी ही पूरे हो जाएंगे.रोजमर्रा के काम पूरे होने में कोई रुकावट नहीं आएगी. आप आगे भीबढ़ेंगे. महत्वपूर्ण मीटिंग और काम करने के लिए दिन शुभ है. समस्याएं भी जल्दी ही खत्म हो जाएंगी.

**सिंह राशि :-** यह आपके लिए बाधाओं और मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है. आज कार्यस्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें. अपने लक्ष्यों को प्राथमिकताओं दें. दूसरों से उपहार प्राप्त करने का यह अच्छा समय है. लंबे समय से लंबित अदालती मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे. जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें मौका मिलेगा. पारिवारिक एवं सामाजिक संदर्भ में आप किसी भी गलती के लिए सवालों के घेरे में आएंगे.

**कन्या राशि :-** नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है. आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं. प्रेमियों के मध्य कुछ मनमुटाव हो सकता है. आप नया वाहन खरीद सकते हैं. खर्च की मात्रा बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव हो सकता है. इष्टदेव की आराधना करें. शारीरिक परिश्रम की अधिकता रहेगी. आज पारिवारिक समस्याओं को लेकर भी आप परेशान हो सकते हैं लेकिन ध्यान रखें किसी भी परेशानी का हल करने में सक्षम हैं.

**तुला राशि :-** दिन आपके लिए अच्छा है. आप परिस्थितियों का फायदा उठाकर अपने काम पूरे कर सकते हैं. कामकाज में भी आपका मन लगेगा.आज आपको अचानक कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं. आप उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें. अचानक मन में बदलाव आ सकते हैंजो कि आपके लिए फायदेमंद रहेंगे. जीवनसाथी से संबंधों में अनुकूलता रहेगी. दिन आपके लिए अच्छा है. पार्टनर से सरप्राइज मिलने के योग हैं. आपकी सेहत अच्छी रहेगी.

**वृश्चिक राशि :-** आप सभी गतिविधियों में चमकेंगे और आज भाग्य आपका साथ देगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए कोई विशेष कार्य सफलता प्रदान कर सकता हैं. विदेशी संपर्क वाले लोगों को कुछ अचानक लाभ मिलेगा और यात्रा भी हो सकती है. आय अच्छी रहेगी और स्वरोजगार में लिप्त जातक एक आकर्षक सौदे को अंतिम रूप प्रदान कर सकते हैं. पारिवारिक सदस्यों के मध्य सामंजस्य रहेगा और पारिवारिक उत्सव आपको व्यस्त रखेंगे.

**धनु राशि :-** आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं. आर्थिक निवेश और लेन-देन से बचें, नुकसान होने संभावना है. कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है. प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. आज आपकी राशि में वाहन सुख दिखाई देता है आज खर्च की आशंकाएं आपके साथ हैं इसलिए खर्च करते समय आपको थोड़ा सावधानी बरतनी चाहिए. संबंधो में भावनाओ की प्रधानता रहेगी.

**मकर राशि :-** आज आपको दिनभर सावधान रहना होगा. कुछ लोग अपने स्वार्थ के कारण आपके ही लिए परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेंगे, सावधान रहें. आपके मन में उथल-पुथल हो सकती है. पुरानी बातों में आज आप उलझे हुए रहेंगे. किसी समस्या का समाधान हाथों-हाथ नहींहोगा. कुछ खास काम आज अधूरे रह सकते हैं. काम में आपका मन नहीं लगेगा. बिजनेस में नए एग्रीमेंट अभी न करें तो ही अच्छा है. सेहत के मामले में दिन ठीक-ठाक रहेगा.

**कुम्भ राशि :-** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे. रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोग अच्छा करेंगे और अच्छा लाभ भी प्राप्त करेंगे. आप बैठकों, प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और सम्मेलनों में लोकप्रिय रहेंगे. आप अपने घर को ठीक करने की योजना बनाएंगे और कुछ कलाकृतियों की खरीदारी भी करेंगे. आज आपकी सहभागिता बढ़ेगी और आप अपने दोस्तों या परिवार के साथ एक छोटी यात्रा कर सकते हैं.

**मीन राशि :-** आज कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले आपको उससे जुड़े जोखिम के उपर भी विचार करना चाहिए. कार्य स्थल पर किसी से झगड़े और टकराव से बचने की कोशिश करें. आगे बढ़ने का दौर है. जो काम आपको दिया जाएगा, उसे आप निपटा लेंगे. आप जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी रहेगी. प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें. आप अपने दिनभर के कामों की एक लिस्ट तैयार कर लें. परिवार की कुछ जिम्मेदारियां जीवनसाथी को सौंप सकते हैं.

## पर्यावरण संबंधी समस्या को भयावह रूप प्रदान कर रहा है प्लास्टिक कचरा

पर्यावरण के लिए प्लास्टिक पूरी दुनिया में बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। इसीलिए इसका उपयोग सीमित करने और कई प्रकार के प्लास्टिक पर प्रतिबंध की मांग उठती रही है। भारत में भी ऐसी ही मांग निरन्तर होती रही है और समय-समय पर इसके लिए अदालतों द्वारा सख्त निर्देश भी जारी किए जाते रहे हैं किन्तु इन निदेशों की पालना कराने में सख्ती का अभाव सदैव स्पष्ट परिलक्षित होता रहा है। यही कारण है कि लाख प्रयासों के बावजूद प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में सफलता नहीं मिल पा रही है। इसका अनुमान इन आंकड़ों से भी लगाया जा सकता है कि भारत में 1990 में पॉलीथीन की जो खपत करीब बीस हजार टन थी, वह अगले डेढ़ दशकों में ही कई गुना बढ़कर तीन लाख टन से भी ज्यादा हो गई। 10 अगस्त 2017 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के तत्कालीन चेयरपर्सन स्वतंत्र कुमार की अगुवाई वाली बेंच ने अपने एक अहम फैसले में दिल्ली में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली नॉन बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाते हुए सरकार को एक सप्ताह के भीतर ऐसे प्लास्टिक के सारे भंडार को जब्त करने का आदेश देते हुए कहा था कि दिल्ली में अगर किसी व्यक्ति के पास से प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद होते हैं तो उसे पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 5 हजार रुपये की राशि भरनी होगी।

देश के बीस से भी अधिक राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर इसी तरह के नियम लागू हैं लेकिन विड़म्बना ही है कि सख्ती के अभाव में इतना समय बीत जाने के बाद भी दिल्ली तथा देश के अन्य तमाम राज्यों में पॉलीथीन का उपयोग बदस्तूर जारी है। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक के अनुसार अगर देश में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग में कमी नहीं आ रही है तो इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ यही है कि इनके उत्पादन, बिक्री और उपयोग को लेकर संबंधित विभागों का रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि हमारी छोटी-बड़ी लापरवाहियों और कचरा प्रबंधन प्रणालियों की खामियों की वजह से पॉलीथीन या अन्य प्लास्टिक कचरा नालियों में भरा रहता है, जो नालियां, ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम को ठप्प कर देता है। यही कचरा अब नदियों के बहाव को अवरुद्ध करने में भी सहायक बनने लगा है, जो अब थोड़ी-सी ज्यादा बारिश होते ही जगह-जगह बाढ़ जैसी परिस्थितियां उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न में मैंने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार 1988 और 1998 में बांग्लादेश में आई भयानक बाढ़ का कारण यही प्लास्टिक ही था क्योंकि नालियों या नालों में प्लास्टिक जमा हो जाने से वहां के नाले जाम हो गए थे और इसीलिए इससे सबक लेते हुए बांग्लादेश में 2002 से प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आयरलैंड में प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल पर 90 फीसदी टैक्स लगा दिया गया, जिसके चलते इनका इस्तेमाल बहुत कम हो गया। आस्ट्रेलिया में सरकार की अपील से ही वहां इन थैलियों के इस्तेमाल में 90 फीसदी



कमी आई। अफ्रीका महाद्वीप के देश रवांडा में प्लास्टिक बैग बनाने, खरीदने और इस्तेमाल करने पर जुमार्ने का प्रावधान है। फ्रांस ने 2002 में प्लास्टिक पर पाबंदी लगाने का अभियान शुरू किया और 2010 में इसे पूरे देश में पूरी तरह से लागू कर दिया गया। न्यूयॉर्क शहर में रिसाइकल नहीं हो सकने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा है। चीन, मलेशिया, वियतनाम, थाईलैंड, इटली इत्यादि देशों ने प्लास्टिक कचरे के आयात पर कई प्रकार के प्रतिबंध लगाए हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा प्लास्टिक कचरा आयातक देश रहा है लेकिन उसने भी कुछ समय पहले 24 श्रेणियों के ठोस प्लास्टिक कचरे के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

प्लास्टिक पर पाबंदी के लिए चरणबद्ध तरीके से भारत में भी इसी प्रकार के सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। हालांकि वर्ष 2022 तक देश को ह्यसिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त भारत बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने का निर्णय लिया जा चुका है लेकिन फिलहाल तो भारत न केवल दुनिया के सर्वाधिक प्लास्टिक कचरा आयात करने वाले देशों में शामिल है बल्कि यहां प्रतिदिन बहुत बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा भी उत्पन्न होता है। हालांकि भारत द्वारा भी ह्यखतरनाक अपशिष्टों के प्रबंधन और आयात से जुड़े नियम 2015 में संशोधन करते हुए 1 मार्च 2019 को ठोस प्लास्टिक के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था किन्तु इन नियमों में कुछ खामियों के चलते अभी भी देश में प्लास्टिक कचरे के आयात को छूट मिल रही है और इसी का फायदा उठाकर प्लास्टिक की खाली बोतलों को महीन कचरे के रूप में आयात किया जा रहा है। दुनियाभर में सर्वाधिक प्लास्टिक स्क्रैप खरीदने वाले देशों पर नजर डालें तो वियतनाम पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला पॉलियोलिफिन 44716 मीट्रिक टन तथा बॉटलिंग में इस्तेमाल होने वाला पीईटी 18384 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष आयात करता है जबकि भारत प्रतिवर्ष करीब 88155 मीट्रिक टन पॉलियोलिफिन तथा 5101 मीट्रिक टन पीईटी आयात करता है। ऐसे ही अन्य देशों में मलेशिया द्वारा 37778 मीट्रिक टन पॉलियोलिफिन तथा 13551 मीट्रिक टन पीईटी, थाईलैंड द्वारा 10153 मीट्रिक टन पॉलियोलिफिनतथा 18384 मीट्रिक टन पीईटी, ताइवान द्वारा 16575 मीट्रिक टन पॉलियोलिफिन तथा तुर्की द्वारा 5354 मीट्रिक टन पीईटी आयात किया जाता है।

## दुखद हिंसा

कश्मीर में आतंकी हमलों का नया दौर दुखद ही नहीं, शर्मनाक भी है। बाहरी लोगों और विशेष रूप से बिहारवासियों को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, उससे चिंता का दायरा बहुत बढ़ जाता है। मजदूरों और छोटे-मोटे धंधे करने वाले लोगों को मारने से किसका गौरव बढ़ रहा है? गरीबों की हत्या को आखिर किस आधार पर जायज ठहराया जा सकता है? कौन सा मजहब या कौन से राज्य की संस्कृति ऐसी हत्याओं का पक्ष ले सकती है? एक संदिग्ध संगठन ने प्रवासी मजदूरों पर हुए ताजा हमलों की जिम्मेदारी ली है और जो बहाना बनाया गया है, वह निंदनीय व हास्यास्पद है। इंसानियत पर धब्बा साबित हुए आतंकी चाहते हैं कि प्रवासी कश्मीर छोड़ जाएं, मानो कश्मीर उनकी व्यक्तिगत जायदाद हो? यह भी कहा गया है कि चूंकि बिहार में मुस्लिमों की हत्या हुई है, उसी का बदला लिया जा रहा है। बिहार या इतने बड़े देश में कहीं भी मुस्लिमों को निशाना बनाने जैसी कोई घटना नहीं है, इक्का-दुक्का हिंसक घटनाएं जो सामान्य रूप से होती आई हैं, उनमें पुलिस यथोचित कार्रवाई कर रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि कश्मीर से बाहर देश में कहीं भी धार्मिक आधार पर विद्वेष की हवा चल रही हो। फिर भी अगर मजहब ही हत्या का आधार है, तो फिर सहारनपुर के सगीर अहमद को क्यों मारा गया? अपनी कुत्सित सुविधा के अनुसार, कभी बाहरी लोगों को, तो कभी गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाना हर लिहाज से नाकाबिले बर्दाश्त है।

इन वारदात को अंजाम देकर आखिर कहां मुंह छिपाएंगे आतंकी? उन्हें ठिकाने लगाए बिना भारत में न्यायप्रियता स्थापित नहीं हो सकती। उनके कुतर्कों का जवाब सजा से ही देना चाहिए। कश्मीर में इस महीने मारे गए सभी 11 नागरिकों को न्याय मिलना चाहिए। अब सदी बदल चुकी है, आतंकवाद को भारत में कतई कामयाबी नहीं मिलने वाली। जो लोग हिम्मत करके कश्मीर पहुंचे हैं, जो लोग वहां अर्थव्यवस्था को बल प्रदान कर रहे हैं, उनके साथ नाइंसाफी दरअसल कश्मीर के साथ नाइंसाफी है। कश्मीर के लोगों को स्वयं ऐसी हिंसा का विरोध करना चाहिए। मानवीय और तार्किक आधार पर सोचना चाहिए। कश्मीर के दुश्मन हैं वे लोग, जो बाहरी या मजहबी आधार पर हिंसा कर रहे हैं। उनका चेहरा आज से तीस साल पहले छिप गया था, लेकिन अब नहीं छिपना चाहिए। भारत में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह ऐसी हिंसा या सांप्रदायिकता के खिलाफ सावधान रहे। जो लोग कश्मीर में अमन चाहते हैं, उनके लिए यह परीक्षा की घड़ी है। यह अच्छी बात है कि बिहार सरकार अब कश्मीर में मारे जा रहे बिहारवासियों के परिजनों के साथ खड़ी हो गई है। हर राज्य को अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सचेत रहना ही चाहिए। अगर बिहारवासी को कहीं सताया जा रहा है, तो इसकी चिंता बिहार के लोगों के साथ-साथ सरकार को भी होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के लोगों का इस देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है, इनके हित में देश में नई सजगता आनी चाहिए। कश्मीर में जो मजदूर मारे गए, उन्हें बिहार सरकार ही अकेले मुआवजा क्यों दे, क्या केंद्र सरकार को भी आगे नहीं आना चाहिए? कश्मीर में पूरी राजनीतिक बिरादरी को एकजुट होकर आगे आना होगा, ताकि हिंसा के नए दौर को समय रहते समाप्त किया जा सके और कश्मीरियत के दामन पर और दाग न लगे।

## प्रवासी मजदूरों पर हमला

बड़ी संख्या में मजदूर अपने-अपने गांवों की ओर लौटना चाह रहे हैं। ध्यान रहे, चाहे खेतों में काम करने की बात हो या सेब को बागानों से बाजार तक पहुंचाने की या असंगठित क्षेत्रों की अन्य इकाइयों को चलाते रहने की- दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों की यहां प्रमुख भूमिका है। जम्मू-कश्मीर में आम लोगों को निशाना बना कर किए जाने वाले आतंकी हमलों का जारी रहना गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। रविवार को कुलगाम में बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या इन आतंकी घटनाओं की ताजा कड़ी है। इससे एक दिन पहले शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के एक कारपेंटर और बिहार के एक फेरीवाले की हत्या हुई थी। 24 घंटे में हुई इन चार हत्याओं ने घाटी में रह रहे प्रवासी मजदूरों के बीच भय का माहौल बना दिया है।

बड़ी संख्या में मजदूर अपने-अपने गांवों की ओर लौटना चाह रहे हैं। ध्यान रहे, चाहे खेतों में काम करने की बात हो या सेब को बागानों से बाजार तक पहुंचाने की या असंगठित क्षेत्रों की अन्य इकाइयों को चलाते रहने की- दूसरे राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों की यहां प्रमुख भूमिका है। यही वजह है कि रविवार को हुए हमलों की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन युनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ने बाकायदा चेतावनी जारी करते हुए यहां रह रहे बाहरी मजदूरों से कहा कि वे जल्द से जल्द राज्य छोड़कर चले जाएं। ऐसे में बहुत मुमकिन है कि इस घबराहट को बढ़ाने के मकसद से आतंकी तत्व आने वाले दिनों में प्रवासी मजदूरों पर ऐसे और हमले करें।

संभवतः इन्हीं आशंकाओं के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों ने इन मजदूरों को सुरक्षा देने के मकसद से कुछ विशेष कदम उठाने की जरूरत महसूस की। लेकिन सोशल मीडिया पर यह बात इस रूप में फैली कि प्रवासी मजदूरों को पुलिस थाने और सुरक्षा बलों के केंद्रों पर लाने के आदेश जारी हुए हैं। इस कथित आदेश को लेकर फैली अफवाह ने आम मजदूरों में डर और बढ़ा दिया। यह प्रकरण सबक है कि एहतियाती कदम उठाने के मामले में भी किसी तरह की हड़बड़ी दिखाना फायदे के बदले नुकसानदेह साबित हो सकता है। एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रखने की जरूरत है। इतना तो स्पष्ट हो ही गया है कि चाहे संगठन के जो भी नए-नए नाम आगे किए जा रहे हों, यह नई रणनीति भी उन्हीं आतंकी तत्वों की करतूत है जो अर्से से इस काम में लगे हैं। दूसरी बात यह कि इस नई आतंकी रणनीति के मद्देनजर सुरक्षा बलों को भी अपने तौर-तरीकों में आवश्यक बदलाव करने होंगे। सबसे ज्यादा ध्यान इस बात का रखना होगा कि भूल से भी ऐसा कोई काम न हो, जिससे स्थानीय बनाम बाहरी या बहुसंख्यक बनाम अल्पसंख्यक जैसे ध्रुवीकरण को मजबूती मिले। आतंकी तत्व ऐसे किसी मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जिसका इस्तेमाल कर वे आम लोगों के बीच विभाजन को तीखा कर सकें। स्थानीय खुफिया तंत्र को मजबूत करने और आतंकी तत्वों के खिलाफ अभियान चलाते हुए भी सबसे ज्यादा जोर उनके जनविरोधी चेहरे को उजागर करने पर होना चाहिए ताकि आम लोग उसकी असलियत समझते हुए आपसी एका बनाए रखें।



# पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव संपन्न, NSUI और एबीवीपी को दो-दो पद, एक सीट पर निर्दलीय की जीत




**एजेंसी**

**पटनाः** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया शनिवार देर रात तक संपन्न हो गई. सुबह 8:30 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो दोपहर 2:30 बजे तक चला. इसके बाद रात 8:00 बजे से मतगणना की प्रक्रिया आरंभ हुई, जो देर रात तक चली. मतगणना के दौरान कई बार प्रत्याशियों के वोटों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन अंतत सेंट्रल पैनल के सभी पांच पदों के नतीजे घोषित कर दिए गए. अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई का लंबे समय के बाद कब्जा हुआ. छात्र जदयू का खाता भी नहीं खुला.

कांग्रेस नेतृत्व और पप्पू यादव को जीत का श्रेयः चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के शांतनु शेखर ने जीत दर्ज की. उन्होंने छात्र जदयू के प्रत्याशी प्रिंस कुमार को 1496 मतों से पराजित किया. शांतनु शेखर को कुल 2896 वोट मिले, जबकि प्रिंस कुमार को 1400 वोट प्राप्त हुए. अध्यक्ष पद की जीत के बाद शांतनु शेखर ने इसे संगठन की सामूहिक मेहनत बताया और कहा कि यह जीत राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, एनएसयूआई संगठन और सांसद पप्पू यादव के समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है.

**उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय विजेताः** उपाध्यक्ष पद पर मुकाबला काफी रोमांचक रहा. इस पद पर निर्दलीय प्रत्याशी सिफत फैज ने छात्र जदयू के आयुष हर्ष को 65 वोटों से हराया. सिफत फैज को 1571 वोट मिले, जबकि आयुष हर्ष को 1503 वोट प्राप्त हुए. परिणाम की घोषणा में देरी को लेकर सिफत फैज ने हंगामा भी किया. इसके बाद इस पद के लिए मतों की दोबारा गणना कराई गई, लेकिन दोनों बार सिफत फैज ही आगे रहीं और उन्हें विजयी घोषित किया गया.

**दो महत्वपूर्ण पद पर एनएसयूआई का कब्जाः** महासचिव पद पर एनएसयूआई की खुशी कुमारी ने जीत हासिल की. उन्होंने छात्र राजद के प्रत्याशी प्रत्यूष राज को 553 वोटों के अंतर से हराया. खुशी कुमारी को 2164 मत मिले, जबकि प्रत्यूष राज को 1611 वोट प्राप्त हुए. इस जीत के साथ एनएसयूआई ने सेंट्रल पैनल के दो महत्वपूर्ण पदों पर अपना कब्जा जमाया. एनएसयूआई के इस जीत पर सांसद पप्पू यादव ने बधाई देते हुए कहा है कि यह जीत नीट छात्रा को न्याय दिलाने की जिद का प्रतिफल है. बेटियों की सुरक्षा, इंसाफ और उनके हक के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे.

**मतगणना केंद्र पर समर्थकों की रही भीड़ः** सेंट्रल पैनल के कुल पांच पदों में एनएसयूआई और एबीवीपी को दो-दो पद मिले, जबकि एक पद पर निर्दलीय महिला उम्मीदवार ने जीत दर्ज की. चुनाव प्रक्रिया के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. मतगणना के समय प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही. परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह देखने को मिला और मतगणना केंद्र के बाहर नारेबाजी भी हुई. इधर एक निर्दलीय प्रत्याशी रिंकल यादव ने मतगणना केंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया और धरना पर भी बैठे.

# छपरा हत्याकांड में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास और 1 लाख जुमार्ना, दो दशक बाद इंसाफ की जीत!

**एजेंसी**

**छपरा :** बिहार के छपरा में करीब 20 साल पुराने बहुचर्चित हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने मामले में सजा सुनाते हुए चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा दी है. साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है.

**चार सगे भाइयों को मिला सजाः** वहीं अगर सभी आरोपियों ने जुमार्ने की राशि जमा नहीं की तो छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. हत्या के इस मामले में माननीय न्यायालय ने तत्परता से सुनवाई शुरू की और साक्षियों का समय से साक्ष्यपूर्ण गवाही कराई. हत्या के मामले में सजा पाये व्यक्तियों के नाम रविंद्र सिंह, विजय सिंह, सुभाष सिंह और गुड्डू सिंह है, ग्राम मोथहां थाना मरहौरा जिला सारण के रहने वाले हैं. गौरतलब है कि हत्या के इस मामले में सजा पाए चारों अभियुक्त सगे भाई हैं.

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनायी सजा :** यह फैसला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-12 अंजनी कुमार गोंड की अदालत ने मढ़ौरा थाना कांड संख्या-28/07, दिनांक 05 फरवरी 2007 (सत्रवाद संख्या-600/2007) में सुनाया. मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 323, 324, 307 एवं 302 के तहत आरोप तय किए गए. सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने चारों अभियुक्तों को धारा 302/149 भा.दं.वि. के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई.

**मामले में 6 गवाहों ने बयान दर्ज करवाएं :** पीड़ित पक्ष की ओर से डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता सहित कुल छह गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए. अपर लोक अभियोजक विमल चन्द्र सिंह ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध सशक्त तर्क प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोषसिद्धि का निर्णय सुनाया.

**गंभीर मामलों में सजा दिलाने की मुहिम जारी :** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में लंबित गंभीर आपराधिक मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर त्वरित सुनवाई कराई जा रही है, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और अपराधियों में कानून का डर कायम रहे.

# पटना में 94 जगह मजिस्ट्रेट तैनात, शराब पीने-बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई का आदेश



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में होली का त्योहार उमंग के साथ-साथ प्रशासन के लिए कड़ी परीक्षा का समय होता है. इस बार नीतीश सरकार और बिहार पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है. राजधानी पटना के 94 संवेदनशील पॉइंट्स सहित पूरे जिले में 600 से अधिक स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने साफ कर दिया है कि शराब के अवैध भंडारण, बिक्री या सेवन करने वालों के खिलाफ जेल भेजने वाली कार्रवाई होगी. इसके लिए न सिर्फ पैट्रोलिंग बढ़ाई गई है, बल्कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी एक्टिव कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की अफवाह को तुरंत दबाया जा सके.

### ड्रोन, सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर निगरानी

जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त हो और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए. शहर में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी. सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी अफवाह का तुरंत खंडन किया जा सके.पटना के 94 संवेदनशील पॉइंट्स सहित पूरे जिले में 600 से अधिक स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने साफ कर दिया है कि शराब के अवैध भंडारण, बिक्री या सेवन करने वालों के खिलाफ जेल भेजने वाली कार्रवाई होगी.

### डीजीपी की स्पेशल फोर्स और सुरक्षा का घेरा

राज्य के डीजीपी विनय कुमार ने बिहार के सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े निर्देश जारी किए हैं. पूरे बिहार में 12 कंपनी रेंज रिजर्व बल, 31 कंपनी बीसैप (BSAP) और हजारों की संख्या में होमगार्ड जवानों को तैनात किया गया है. पटना में सबसे अधिक सुरक्षा बल तैनात हैं, जिनमें 3 कंपनी बीसैप और 535 सिपाही शामिल हैं. इसके अलावा दरभंगा, गया, और मुंगेर जैसे जिलों में भी अतिरिक्त बल भेजा गया है. शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए सीमावर्ती इलाकों और रिहायशी कॉलोनियों में सघन तलाशी अभियान शुरू हो चुका है.

### होलिका दहन के लिए जारी हुई अग्नि परीक्षा गाइडलाइंस

अग्निशमन विभाग और जिला प्रशासन ने होलिका दहन (अगजा) को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी की है. इस बार होलिका की ऊंचाई 10 फीट से ज्यादा रखने पर पाबंदी है. आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए निर्देश दिया गया है कि होलिका को बिजली के तारों के नीचे न जलाएं और पास में कम से कम 1000 लीटर पानी का इंतजाम रखें. पेट्रोल पंप, गैस गोदाम और खेतों से दूरी बनाए रखना अनिवार्य है. बच्चों को आग से दूर रखने और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है ताकि त्योहार की खुशी मातम में न बदले.

### आपातकाल के लिए हेल्पलाइन और मेडिकल टीम तैयार

प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अस्पतालों में विशेष मेडिकल टीमें तैनात की हैं. अगर आपको बिजली, आग या सुरक्षा से जुड़ी कोई भी परेशानी हो, तो आप तुरंत जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं. जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810) और डायल-112 जैसी सेवाएं 24 घंटे सक्रिय रहेंगी. पटना डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाए ताकि हुड़दंगियों को मौके पर ही दबोचा जा सके. प्रशासन का संदेश साफ है—त्योहार खुशियों से मनाएं, लेकिन कानून और सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि होली का रंग फीका न पड़े.

# संक्षिप्त खबर

## बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच बन रहा पुल जून 2027 तक होगा पूरा, इन राज्यों से सीधा हो सकेंगे कनेक्ट



**बिहारः** बिहार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा नदी पर बन रहा पुल. 5.5 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य जून 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा. इस पुल के बन जाने से दक्षिण से उत्तरी बिहार के जिलों के बीच का जुड़ाव आसान होगा. साथ ही पटना के महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर गाड़ियों का दबाव भी कम होगा. इससे दोनों पुलों पर जाम की समस्या भी खत्म होगी.

**क्या कहना है पदाधिकारियों का?**

बिहार राज्य सड़क विकास निगम (बीएसआरडीसीएल) के पदाधिकारियों का कहना है कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल-सह-पहुंच पथ परियोजना के समस्तीपुर जिला में चक लालशाही से ताजपुर खंड के लिए 16.2 किमी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. बाकी की सड़क और पुल निर्माण का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा. दक्षिण से उत्तर बिहार के बीच आवागमन सुगम बनाने और महात्मा गांधी सेतु पर ट्रैफिक का दबाव कम करने की मंशा से सरकार एनएच-31 करजान, बख्तियारपुर और समस्तीपुर के ताजपुर में एनएच-28 के बीच गंगा नदी पर 5.5 किमी पुल-सह-पहुंच पथ का निर्माण करवा रही है. इसकी दूसरी प्रशासनिक स्वीकृति 3923 करोड़ रुपए है.योजना के तहत पुल के दोनों तरफ 45.74 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण भी करवाया जाना है. इसमें 41.25 किमी ताजपुर (समस्तीपुर) और 4.50 किमी लंबी सड़क बख्तियारपुर (पटना) की ओर बनाई जाएगी. विभागीय पदाधिकारियों ने बताया कि पुल और सड़क के बाकी हिस्सों का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है. उम्मीद है कि जून 2027 तक इस पुल से गाड़ियों का आवागमन शुरू हो जाएगा.

**उत्तर से दक्षिण बिहार के साथ नेपाल से होगा सीधा जुड़ाव**

जन निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत एनएच-31 और एनएच-28 को जोड़ने वाले बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा पुल का निर्माण होने से उत्तर और दक्षिण बिहार में कई जिलों को फायदा पहुंचेगा. मुख्य रूप से समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, सहरसा, पूर्णिया, पटना, गया, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, नालंदा आदि जिलों के साथ झारखंड, पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों का सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा. इसके साथ ही दक्षिण बिहार के जिलों का नेपाल के साथ सीधा जुड़ाव होगा. इससे जहां व्यापारिक गतिविधियों को नई उड़ान मिलेगी. साथ ही क्षेत्र के लाखों किसानों के लिए फसल के निर्यात-आयात का नया रास्ता भी खुल सकेगा.

## चिराग के विधायक ने जनता को समर्पित किया अपना सरकारी बंगला, यहां रहना-खाना सब फ्री




**पटनाः** बिहार की नीतीश सरकार ने विधायकों ने लिए नए सरकारी आवास बनवाए थे। इन आवासों का आवंटन विधायकों को आवंटन भी कर दिया गया। कुछ विधायक शिफ्ट हो गए तो कुछ शिफ्टिंग की तैयारी में है। इस बीत लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधायक प्रकाश चंद्र ने अपने सरकारी आवास को ओबरा विधासनभा क्षेत्र की जनता को समर्पित कर दिया है। ओबरा की जनता के लिए विधायक का सरकारी आवास एक गेस्ट हाउस की तरह काम करेगा। पटना आने वाले यहां फ्री में स्टे कर सकते हैं। उनके लिए यहां रहने खाने की व्यवस्था पूरी तरह से फ्री है।

विधायक प्रकाश चंद्र ने ओबरा की जनता को समर्पित किया अपना आवास लोजपा (रामविलास) के विधायक प्रकाश चंद्र ने अपने सरकारी आवास पर बाकायदा एक बोर्ड भी लगा दिया है, जिस पर लिखा है- 'जनता का आवास, 220 ओबरा विधानसभा क्षेत्र। हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्र।' बोर्ड के एक ओर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की तस्वीर लगी हुई है तो दूसरी ओर विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र की।

**जनता के लिए 24 घंटे खुला रहेगा आवास**

मिली जानकारी के मुताबिक, इस आवास का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी शामिल होंगे। बताया जाता है कि ये आवास जनता के लिए 24 घंटे खुला रहेगा। यहां रहना खाना सबकुछ फ्री में मिलेगा। खासकर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी या किसी परेशानी के चलते पटना आने वाला कोई व्यक्ति, जिसका पटना में कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे में उन्हें रात रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर बितानी पड़ती है, ऐसे लोगों के लिए विधयाक के आवासा में रहने खाने की व्यवस्था निशुल्क होगी। चुनाव के दौरान मैंने ओबरा की जनता से वादा किया था कि पटना आने वाले जरूरतमंदों के लिए ठहरने की व्यवस्था करूंगा। अब यहां न केवल रहने की सुविधा मिलेगी, बल्कि तीनों समय का भोजन भी पूरी तरह निशुल्क होगा।

**विधायक डॉ प्रकाश चंद्र का क्या कहना है?**

औरंगाबाद जिले की ओबरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रकाश चंद्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस आवास को सोमवार को जनता को समर्पित करने जा रहे हैं। लोजपा (रामविलास) विधायक ने बताया कि 'विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने ओबरा की जनता से वादा किया था कि जिन लोगों के पास घर नहीं है, जो परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राएं पटना आते हैं, इलाज के लिए पटना आते हैं। पटना में ठहरने के लिए उनके पास कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वे जैसे-तैसे बस पकड़कर वापस अपने गांव जाते हैं या रात रेलवे स्टेशन पर गुजारते हैं, ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए ये आवास है। वे यहां ठहर सकते हैं। यहां उनके लिए तीनों टाइम खाने की व्यवस्था है। यहां रहना खाना बिल्कुल फ्री है।

# पीएम मोदी, सम्राट चौधरी समेत इन नेताओं ने सीएम नीतीश को किया बर्थडे विश, जेडीयु ऑफिस में जश्न



**एजेंसी**

**बिहारः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बर्थडे पर पूरे बिहार में जश्न का माहौल है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर बर्थडे विश किया. पीएम मोदी ने लिखा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. उन्होंने पिछले कई वर्षों से बिहार की प्रगति के लिए निरंतर कार्य किया है. उनकी दूरदृष्टि और विकास योजनाओं ने अनगिनत लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है. ईश्वर से उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना करता हूं.

### सम्राट चौधरी ने आवास पर जाकर दी बधाई

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश को उनके आवास पर जाकर बधाई दी. साथ ही एक्स पर सीएम नीतीश के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा, बिहार के विकास पुरुष, सुशासन बाबू, जन-जन के प्रिय नेता, माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से उनके जन्मदिवस के अवसर पर मिलकर हार्दिक बधाई और असंख्य शुभकामनाएं दीं. प्रभु से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और निरंतर जनसेवा की शक्ति प्रदान करें.

### पूरे बिहार में जश्न का माहौल

इसके साथ ही पूरे बिहार में जश्न का माहौल है. पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर जश्न का माहौल है. जेडीयू के कार्यकताओं ने ऑफिस के बाहर केक भी काटा. कार्यकर्ता ने कहा, आज जरूरतमंदों के बीच 1500 लीटर दूध बाटेंगे और फल भी बांटे जायेंगे. इसके साथ ही नौलखा मंदिर में सीएम के बर्थडे पर हवन और आरती हुई. इसके अलावा 75 पाउंड का केक भी काटा गया.

### ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

पीएम मोदी और सम्राट चौधरी के अलावा राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, ललन सिंह, जीतन राम मांझी समेत कई राजनीतिक नेताओं ने बधाई दी. मंत्री अशोक चौधरी ने तो आज के दिन ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी कराया है, जहां कई लोग ब्लड डोनेट करने पहुंचे.

# बिहार में बिछेगा 1000 किमी रेललाइनों का जाल, 2031 तक बदल जाएगा सफर



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार की लाइफलाइन कहे जाने वाले रेल नेटवर्क में अगले पांच वर्षों के भीतर एक क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा. केंद्र सरकार ने वर्ष 2031 तक राज्य में करीब 1000 किलोमीटर नई रेललाइन बिछाने का लक्ष्य रखा है. रेलवे बोर्ड ने इन परियोजनाओं के सर्वेक्षण के लिए राशि जारी कर दी है और अगले वित्तीय वर्ष से डीपीआर (DPR) निर्माण के साथ काम जमीन पर दिखने लगेगा.

### पटना-झाझा के बीच बिछेगी तीसरी और चौथी लाइन

इस पूरे प्रोजेक्ट का सबसे अहम हिस्सा डीडीयू-पटना-झाझा रेल खंड है. वर्तमान में इस रूट पर ट्रेनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे गाड़ियां अक्सर लेट होती हैं. अब यहां तीसरी और चौथी रेललाइन बिछाने का काम शुरू होगा, जिससे एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के लिए अलग ट्रैक उपलब्ध होंगे.पटना के पास रेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए फुलवारी-पाटलिपुत्र जंक्शन के बीच डबलिंग का काम भी प्राथमिकता पर रखा गया है. इससे राजधानी पटना आने-जाने वाली ट्रेनों को आउटर पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा.

### औरंगाबाद से बिहटा और और भी बहुत कुछ

रेलवे ने उन इलाकों को भी जोड़ने की योजना बनाई है जो अब तक रेल मानचित्र पर पीछे थे. औरंगाबाद-बिहटा नई रेललाइन का निर्माण लंबे समय से प्रतीक्षित था, जिसे अब गति मिलने वाली है. इसके साथ ही, ललितग्राम-वीरपुर और सकरी-फारबिसगंज जैसे सीमावर्ती इलाकों में नई रेललाइनों का काम और दोहरीकरण किया जाएगा.फतुहा-बिदुपुर के बीच गंगा पर नए रेल पुल के प्रोजेक्ट से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी. समस्तीपुर-हसनपुर और खगड़िया लाइन का दोहरीकरण भी इस सूची में शामिल है.

### ट्रेनों की रफ़्तार और माल ढुलाई में होगा इजाफा

आरा-सासाराम रेललाइन के विस्तार और इसे फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ने के बाद बिहार से दूसरे राज्यों में सामान भेजना सस्ता और तेज हो जाएगा. किऊल-गया और बरौनी-कटिहार जैसे व्यस्त खंडों पर काम पूरा होने के बाद ट्रेनों की औसत गति में 30% तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. 2031 तक बिहार का रेल नेटवर्क पूरी तरह हाई-टेक मोड में आ जाएगा.

# बिहार में दर्दनाक हादसा, एनएच-19 पर बस और ट्रक की टक्कर, मासूम सहित 3 की मौत



**एजेंसी**

**कैमूरः** बिहार के कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाईवे ठप्त-19 पर आज सुबह करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. जमशेदपुर से वाराणसी जा रही एक यात्री बस और मोहनिया से सासाराम की ओर जा रहे ट्रॉली ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में मासूम सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. यात्रियों में मची चीख-पुकार, बस में फंसे लोगः हादसे के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे. अचानक हुई जोरदार टक्कर से बस में चारों तरफ चीख-पुकार मच गई. एक घायल यात्री ने बताया कि वे नींद में थे और झटके के साथ ही अफरा-तफरी मच गई.

हादसे में तीन लोगों की मौतः हादसे में मारे गए तीनों लोगों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा. मृतकों में एक मासूम बच्चा शामिल है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी मृतक उत्तर प्रदेश के निवासी थे. पुलिस ने शवों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है और परिजनों को सूचना दी जा रही है.

**क्या है हादसे का कारणः** पुलिस की शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और ड्राइवर की झपकी को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है. ठप्त-19 पर रात के समय वाहनों की आवाजाही अधिक होती है और कई बार ड्राइवर थकान के कारण सतर्कता खो बैठते हैं. हालांकि, पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और दोनों वाहनों के ड्राइवरों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है.

**स्थानीय लोगों ने यात्रियों को बाहर निकालाः** स्थानीय निवासी पिंटू यादव ने बताया कि टक्कर की आवाज सुनकर वे दौड़कर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए फंसे हुए लोगों को निकालने में मदद की. ग्रामीणों और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से कई जानें बचाई जा सकी. हालांकि, इस हादसे ने एक बार फिर ठप्त-19 पर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां ऐसे हादसे अक्सर होते रहते हैं.

**राहत-बचाव में जुटी पुलिसः** घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम, कुदरा थाना पुलिस और ठप्तअक की पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस के मलबे से बाहर निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी. पुलिस ने बताया कि सुबह करीब तीन बजे सूचना मिली थी और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया. गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है.

**जांच जारी, प्रशासन ने लिया संज्ञानः** पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है. डायल 112 टीम ने पुष्टि की कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं. प्रशासन ने हादसे पर दुख जताया है और पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है.

# छपरा हत्याकांड में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास और 1 लाख जुमार्ना, दो दशक बाद इंसाफ की जीत!



**एजेंसी**

**छपरा :** बिहार के छपरा में करीब 20 साल पुराने बहुचर्चित हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने मामले में सजा सुनाते हुए चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा दी है. साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है.

**चार सगे भाइयों को मिला सजाः** वहीं अगर सभी आरोपियों ने जुमार्ने की राशि जमा नहीं की तो छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. इस निर्णय से पीड़ित परिवार को दो दशक बाद न्याय मिल सका है. हत्या के मामले में सजा पाये व्यक्तियों के नाम रविंद्र सिंह, विजय सिंह, सुभाष सिंह और गुड्डू सिंह है, ग्राम मोथहां थाना मरहौरा जिला सारण के रहने वाले हैं. गौरतलब है कि हत्या के इस मामले में सजा पाए चारों अभियुक्त सगे भाई हैं.

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनायी सजा :** यह फैसला न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-12 अंजनी कुमार गोंड की अदालत ने मढ़ौरा थाना कांड संख्या-28/07, दिनांक 05 फरवरी 2007 (सत्रवाद संख्या-600/2007) में सुनाया. मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 323, 324, 307 एवं 302 के तहत आरोप तय किए गए. सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने चारों अभियुक्तों को धारा 302/149 भा.दं.वि. के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई.

**पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर तेज हुआ विचारणः** पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार साल 2026 में सारण जिला के अंतर्गत गंभीर अपराधों को चिन्हित कर त्वरित विचारण सुनिश्चित कराया जा रहा है. इसी क्रम में इस पुराने हत्याकांड की सुनवाई में तेजी लाई गई. शोधकर्ता द्वारा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.

## खबर संक्षेप




### जियो फाइनेंशियल ने इकाई में 2000 करोड़ की पूंजी डाली

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (जेएफएसएल) ने अपनी अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. में 2,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। इसका मकसद कंपनी के कारोबार वृद्धि के लिए कोष उपलब्ध कराना है। जेएफएसएल ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो क्रेडिट लि. (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) के 10 रुपये प्रति शेयर के 3,35,71,923 इक्विटी शेयर 585.70 रुपये प्रति शेयर के भाव पर नकद में खरीदे हैं। इससे जियो क्रेडिट को कुल 1,999.88 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

### दिग्गज एप्पल ने भारत में अपना छठा स्टोर खोला

**मुंबई।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज एप्पल ने यहां एक उपनगरीय शॉपिंग मॉल में एक स्टोर खोला, जिससे उसके फोन और अन्य उत्पादों की स्वीकार्यता में



तेजी से वृद्धि के बीच देश में उसके कुल बिक्री केंद्रों की संख्या छह हो गयी है। अमेरिका स्थित आईफोन निर्माता ने बृहस्पतिवार दोपहर वित्तीय राजधानी में अपने दूसरे स्टोर के दरवाजे खोले तो वहां भारी भीड़ थी। कंपनी, जिसे शुरुआत में खुदरा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर नियमों को लेकर बाधाओं का सामना करना पड़ा।

### गौडियम का शेयर पांच प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रजनन सेवाएं देने वाली गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड का शेयर




अपने निर्गम मूल्य 79 रुपये के मुकाबले पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 83 पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से पांच प्रतिशत अधिक है। इसमें 10.31 प्रतिशत की और तेजी आई और यह 87.15 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्य 585.93 करोड़ रुपये रहा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर 90.99 पर बंद

**मुंबई।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे टूटकर



90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट से रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 90.91 पर खुला और 90.91 से 91.06 के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 2.11 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व



बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.03 अरब डॉलर घटकर 572.56 अरब डॉलर रहीं।

# जैक डोर्सी की कंपनी ब्लॉक इंक ने रातों-रात 4,000 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नौकरियों को निगलने वाला कोई दानव बनता जा रहा है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी की फिनटेक कंपनी ब्लॉक इंक भी अब एआई की वजह से अपने कर्मचारियों की संख्या आधी करने जा रही है। ब्लॉक इंक, जो पहले 'स्क्वायर' के नाम से जानी जाती थी ने घोषणा की है कि वह अपने लगभग 4,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। कंपनी का मानना है कि भविष्य में लेबर प्रोडक्टिविटी का चेहरा पूरी तरह से बदलने वाला है और एआई इसमें केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

## कंपनी का मानना, भविष्य में लेबर प्रोडक्टिविटी का चेहरा बदलने वाला है

### कंपनियां बदलाव स्वीकार करने में देर कर रही

कंपनी ने अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 'गूज' नामक अपना खुद का एआई टूल विकसित किया है। डोर्सी का तर्क है कि जो काम पहले सैकड़ों लोग मिलकर करते थे, अब वे काम एआई टूल्स की मदद से बहुत कम समय और लागत में किए जा सकते हैं। विश्लेषकों के साथ बातचीत में जैक डोर्सी ने एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि एआई के कारण होने वाले ये संरचनात्मक बदलाव अपरिहार्य हैं। डोर्सी ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम यह कदम उठाने में बहुत जल्दी कर रहे हैं, बल्कि मेरा मानना है कि ज्यादातर कंपनियां इस बदलाव को स्वीकार करने में देर कर रही हैं।"



### कर्मचारियों के मन में असुरक्षा की भावना बढ़ रही

ब्लॉक इंक ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि एआई टूल्स किन विशिष्ट भूमिकाओं या विभागों को अनावश्यक बना रहे हैं। यह अस्पष्टता कर्मचारियों के मन में असुरक्षा की भावना को और गहरा कर रही है कि क्या उनकी स्किल्स कल के बाजार में प्रासंगिक भी रहेंगी या नहीं।

### कहीं एआई बस बहाना तो नहीं

इस भारी छंटनी ने विशेषज्ञों के बीच एक नई चिंता को जन्म दिया है। जहां अमेजन और सेल्सफोर्स जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी हेडकाउंट घटाने के लिए एआई का हवाला दिया है, वहीं विश्लेषक सवाल उठा रहे हैं कि क्या वास्तव में एआई नौकरियों को प्रतिस्थापित कर रहा है या कंपनियां अपनी बैलेंस शीट सुधारने और लागत कम करने के लिए एआई को एक "सुविधाजनक बहाने" के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं?

### शेयर उछला

जहां 4,000 लोगों के लिए यह खबर दुखद थी, वहीं शेयर बाजार ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। घोषणा के बाद ब्लॉक के शेयरों में 27 प्रतिशत तक का उछाल देखा गया। निवेशकों को लगता है कि कर्मचारियों पर होने वाले खर्च को कम करके और एआई पर निर्भरता बढ़ाकर कंपनी अपना मुनाफा बढ़ा सकती है। 2025 की शुरुआत से अब तक ब्लॉक के शेयर 40 प्रतिशत गिर चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कंपनी ने 10.36 अरब डॉलर का ग्रॉस प्रॉफिट दर्ज किया है।

## विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी पर आयोजित वेबनार को किया संबोधित

# मोदी का भारतीय कंपनियों से निवेश करने बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आह्वान

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से निवेश एवं नवाचार बढ़ाने का शुक्रवार को आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आक्रामक पूंजीगत व्यय और बजट में लगातार अनुकूल नीतिगत माहौल बनाकर आधार तैयार कर दिया है और अब निजी क्षेत्र के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी वृद्धि के अगले चरण को आगे बढ़ाने का समय आ गया है। 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय पर बजट के बाद आयोजित 'वेबिनार' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपये था जो बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

**भारतीय उद्योगों से निवेश और नवाचार बढ़ाने का आग्रह**

## सार्वजनिक पूंजीगत व्यय 11 वर्ष पहले दो लाख करोड़ रुपए था

### केंद्रीय बजट 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हुआ

पीएम ने कहा कि अधिक आवंटन बढ़कर केंद्रीय बजट 2026-27 में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया और 2026-27 के बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का संकेत देता है। मोदी ने कहा, '' भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए। वित्तीय संस्थानों को व्यावहारिक समाधान तैयार करने और बाजार विश्वास बढ़ाने में सहयोग देना चाहिए।''



### मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना होगा

पीएम ने सुधारों को ठोस परिणामों में तब्दील करने के लिए सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र के भागीदारों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया। मोदी ने कहा, '' हमें अवसंरचना में अधिक भागीदारी एवं वित्तीय मॉडल में नवाचार की आवश्यकता है... हमें परियोजना स्वीकृति पद्धतियों को मजबूत करना चाहिए और मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए।''

### रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर बनाने का प्रस्ताव

मोदी ने 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के तहत सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए 'रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर' बनाने का प्रस्ताव रखा। मोदी ने कहा कि जब सरकार, उद्योग और ज्ञान क्षेत्र से जुड़े लोग एक साथ आते हैं, तो '' सुधार परिणामों में बदलते हैं और कागज पर की गई घोषणाएं जमीनी स्तर पर उपलब्धियों में तब्दील होती हैं।''

### देश सुधार के मार्ग पर अग्रसर

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले दशक में भारत की मजबूत क्षमता दृढ़ विश्वास-आधारित सुधारों और कारोबार सुगमता में निरंतर सुधार के प्रयासों से प्रेरित रही है। भारत ने प्रौद्योगिकी-आधारित सुशासन को अपनाया है, संस्थानों को मजबूत किया है और आज भी देश सुधारों के मार्ग पर अग्रसर है।

### क्रियान्वयन पर ध्यान देना जरूरी

पीएम ने कहा, '' सुधारों की तेज गति को बनाए रखने के लिए हमें केवल नीतिगत मंशा पर ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना होगा। सुधारों का मूल्यांकन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने के लिए हमें कृत्रिम मेधा, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग करना चाहिए।''


### निजी क्षेत्र ने अभी तक नहीं दिखाई एनिमल स्पिरिट

सरकार ने पिछले एक दशक में भारत की वृद्धि रणनीति को रिकॉर्ड स्तर के पूंजीगत व्यय के इर्द-गिर्द केंद्रित किया है। निजी निवेश को आकर्षित करने और मध्यम अवधि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, डिजिटल अवसंरचना तथा ऊर्जा नेटवर्क पर व्यय में तेज वृद्धि की गई है।

# राज्य बड़े आकार के खेतों पर कर लगा सकते हैं : मोंटेक

## राज्य इस कर से अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत कर सकते हैं

**हैदराबाद**



अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि राज्य सरकारें अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए उन बड़े खेतों पर कर लगा सकती हैं जो विविधीकरण से उच्च आय अर्जित कर रहे हैं।

यहां 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आयोजित एक सम्मेलन में पूर्ववर्ती योजना आयोग के वाइस चेयरमैन रह चुके अहलूवालिया ने कहा कि राज्य विविधीकृत कृषि पर कराधान से प्राप्त राजस्व पूरी तरह अपने पास रख सकते हैं। इसे केंद्र के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। सिंह ने कहा, '' वास्तविकता यह है कि संपूर्ण कृषि पर केंद्र कर नहीं लगा सकता और केवल राज्य ही कर लगा सकते हैं। क्या यह मान लिया जाए कि कृषि को हमेशा के लिए आयकर से मुक्त रखा जाना चाहिए, चाहे खेत का आकार कुछ भी हो? इसका बचाव करना बहुत कठिन है। अहलूवालिया ने कहा, यदि आपके पास विविध तरह के मध्यम आकार के खेत हैं तो वे निश्चित रूप से पर्याप्त उच्च आय उत्पन्न कर सकते हैं। आयकर की श्रेणी में आ सकते हैं। वह कर 100 प्रतिशत राज्यों को जाएगा।

### दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या दर गिरी है

अर्थशास्त्री ने यह भी कहा कि कि अधिकांश देशों में मानव पूंजी...जिसमें बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा और संबंधित क्षेत्र शामिल है...राष्ट्रीय स्तर की तुलना में सरकार के निचले स्तरों से अधिक जुड़ी हुई है। उन्होंने भारतीय राज्यों में मौजूद असमानताओं का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्यों ने उल्लेखनीय रूप से कम प्रजनन दर के कारण जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी हासिल की है।

## प्रमाणन व जबावदेही आधारित व्यवस्था का प्रावधान

# विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने नए नियम लागू

**मुंबई/नई दिल्ली**

नागर विमानन मंत्रालय ने विमान में खतरनाक वस्तुओं को ले जाने के बारे में संशोधित नियम अधिसूचित कर दिए हैं। इनमें ऐसी वस्तुओं की साज-संभाल के लिए प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। खतरनाक वस्तुओं से आशय उन वस्तुओं या पदार्थों से है जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं। नियमों में खतरनाक वस्तु की आवाजाही की जानकारी देने संबंधी ढांचे को कड़ा किया गया है। ये नियम अघोषित या गलत जानकारी देकर खतरनाक वस्तुओं को विमान में लेकर जाने से जुड़े हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इन वस्तुओं के प्रबंधन में चूक के मामलों में जांच के आदेश देने का अधिकार मिला है। 'विमान (खतरनाक वस्तुओं का परिवहन) नियम, 2026' को हितधारकों से परामर्श के बाद 17 फरवरी को अधिसूचित किया गया।

विमानन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खतरनाक वस्तुओं के परिवहन से संबंधित 2003 के नियम पूर्ववर्ती विमान अधिनियम के तहत बनाए गए थे और मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के मानकों के अनुरूप परिचालन अनुपालन विनियमों के रूप में कार्य करते थे।

इस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि नए नियम समग्र दृष्टिकोण को अनुपालन-उन्मुख ढांचे से हटाकर प्रमाणन-आधारित और जवाबदेही-आधारित व्यवस्था की ओर ले जाते हैं।



### तकनीकी निर्देशों का पालन करना होगा

नियमों के मुताबिक, '' कोई भी प्रेषक या उसका एजेंट हवाई परिवहन के लिए किसी भी खतरनाक वस्तु के पैकेज या 'ओवरपैक' की पेशकश तब तक नहीं करेगा जब तक यह सुनिश्चित न कर ले कि ऐसी खतरनाक वस्तुएं हवाई परिवहन के लिए निषिद्ध नहीं हैं और उन्हें तकनीकी निर्देशों में निर्दिष्ट शर्तों के अनुरूप सही ढंग से चिह्नित, वर्गीकृत, पैक और लेबल नहीं किया गया है।''

# केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वर्ष के लक्ष्य का 63 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 63 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 74.5 प्रतिशत था।

केंद्र सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत, यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहेगा।



महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 तक केंद्र को कुल 27.08 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो संशोधित अनुमान (आरई) के तहत 2025-26 की कुल प्राप्तियों का 79.5 प्रतिशत है।

इसमें 20.94 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5.57 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 57,129 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

### सरकार का कुल व्यय 36.9 लाख करोड़ रहा

इसके अलावा, भारत सरकार का कुल व्यय 36.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान 2025-26 का 74.3 प्रतिशत है। इसमें से 28.47 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद और 8.42 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए। कुल राजस्व व्यय में 9.88 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.54 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी पर खर्च हुए।

# सोने में 1,800 रुपए की तेजी चांदी 2,500 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।



दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमत बढ़ी। बाजार में बढ़ते अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद और स्थिर डॉलर के मुकाबले पश्चिम एशिया में लगातार तनाव का असर है।''

उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक टकराव और शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश की मांग को जारी रखा। सराफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही।

## शोध संस्थान 'सेंटर फॉर डिजिटल इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च' ने जारी की रिपोर्ट

# इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनियां लाभ का इस्तेमाल उत्पादन बढ़ाने में कर रही



**नई दिल्ली**

वाहन क्षेत्र के लिए संचालित उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से स्वीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माताओं का उत्पादन पैमाना बढ़ा है लेकिन इससे प्रतिस्पर्धी ढांचे में असंतुलन भी पैदा हुआ है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया।

शोध संस्थान 'सेंटर फॉर डिजिटल इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च' (सी-डीईपी) की यह रिपोर्ट कहती है कि पीएलआई योजना के दायरे में शामिल की गई कंपनियों को 13 से 16 प्रतिशत का अनुमानित लागत लाभ मिलता है, जिससे वे आक्रामक मूल्य निर्धारण और तेज क्षमता विस्तार कर पा रही हैं। हालांकि, कंपनियां इस लाभ का इस्तेमाल निर्यात-उन्मुख प्लेटफॉर्म विकसित करने के बजाय मुख्य रूप से घरेलू बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में ही कर रही हैं। सी-डीईपी ने कहा कि गैर-पीएलआई इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) विनिर्माताओं की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2021-22 के 407 प्रतिशत के सकारात्मक स्तर से घटकर 2023-24 में 33 प्रतिशत नकारात्मक रह गई।

वित्त वर्ष 2024-25 में यह और भी गिरकर 11 प्रतिशत नकारात्मक हो गई। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि लागत अंतर ने बाजार संरचना को विकृत कर दिया है, जिससे पीएलआई लाभार्थी घरेलू बाजार हिस्सेदारी लगातार बढ़ा रहे हैं, जबकि शुरुआती चरण में बाजार विकसित करने में अहम भूमिका निभाने वाली नवाचार-आधारित कंपनियां हाशिये पर जा रही हैं।

- पीएलआई योजना में शामिल कंपनियों को 16 फीसदी लागत लाभ मिलता है

### योजना उत्पादन बढ़ाने में मददगार

सी-डीईपी के अध्यक्ष जयजीत भट्टाचार्य ने कहा, /"मौजूदा स्वरूप में यह योजना उत्पादन बढ़ाने में मददगार है, लेकिन शोध एवं विकास (आरएंडडी) और नई प्रौद्योगिकी में निवेश करने वाली कंपनियों को अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान पहुंचा सकती है।/"

## एक सामान्य पोस्ट ने सोशल मीडिया में बेहस छेड़ दी

# जोमैटो के नए स्टार्टअप में होना एथलीट सा फिटनेस

**नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी मंच जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल के स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'टेम्पल' में भर्ती के लिए की गई एक असामान्य पोस्ट ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर चर्चा छेड़ दी।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह अपने नए उद्यम के लिए 'ऐसे एथलीट जो इंजीनियर और वैज्ञानिक भी हों' की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने पात्रता मानदंड में पुरुषों के लिए बॉडी फैट (शरीर में वसा प्रतिशत) की मात्रा 16 प्रतिशत से कम और महिलाओं के लिए 26 प्रतिशत से कम होने की शर्त भी रखी।

### फिटनेस चाहने वाले ही आवेदन करे

गोयल ने इस पोस्ट में कहा कहा, /"हम उन लोगों के लिए उत्पाद बना रहे हैं जो अपने शरीर को चरम सीमा तक ले जाते हैं। हम सिर्फ उन्हें सेवा नहीं देना चाहते, खुद भी वैसा ही होना चाहते हैं। इसलिए केवल वही लोग आवेदन करें जो फिटनेस को गंभीरता से लेते हैं।/" उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार अभी बॉडी फैट के निर्धारित स्तर पर नहीं हैं, लेकिन तीन महीने में इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं।




### वियरेबल डिवाइस विकसित किया जा रहा

हालांकि तब तक वे टेम्पल में प्रोबेशन पर ही रहेंगे। गोयल ने कहा कि उनका स्टार्टअप टेम्पल 'शीर्ष स्तर के एथलीट' के लिए एक उन्नत पहनने-योग्य उपकरण (वियरेबल डिवाइस) विकसित कर रहा है। भर्ती भूमिकाओं में एनालॉग सिस्टम इंजीनियर से लेकर कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंटिस्ट तक शामिल हैं।

### फिटनेस उत्पाद बनाने एथलीट इंजीनियर जरूरी नहीं

एक उपयोगकर्ता ने कहा, /"मजेदार बात यह है कि 16 प्रतिशत से कम बॉडी फैट पाने के लिए पुरुषों को जोमैटो ऐप का इस्तेमाल बंद करना होगा। एक अन्य उपयोगकर्ता ने बेहतरीन फिटनेस उत्पाद बनाने और बॉडी फैट प्रतिशत के बीच के संबंध पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई उत्कृष्ट खेल प्रौद्योगिकी उत्पाद ऐसे इंजीनियरों ने बनाए हैं जो खुद आला दर्जे के एथलीट नहीं थे।

### जोखिम वाले नए विचारों पर काम करना चाह रहे सीईओ

गोयल ने पिछले महीने ही जोमैटो एवं ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफा दे दिया था। उस समय गोयल ने कहा था कि वह /"उच्च जोखिम वाले नये विचारों और प्रयोगों/" पर काम करना चाहते हैं। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए जोमैटो के प्रवक्ता को भेजे गए ईमेल फिलहाल कोई जवाब नहीं आया।

### फरहान का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया

# पाकिस्तान जीतकर भी टी-20 वर्ल्ड कप से हुआ बाहर, श्रीलंका को 5 रन से हराया

### ⏭ पाक को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को 65 रन से हराना था

पाल्लेकल

कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 76) की शानदार पारी श्रीलंका को पांच रन की करीबी हार से नहीं बचा सकी लेकिन पाकिस्तान को शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप से बाहर कर दिया जिससे न्यूजीलैंड ग्रुप दो से शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया।

**शनाका ने नाबाद 76 रन की पारी खेली**

श्रीलंका को लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 24 रन चाहिए थे। श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने शाहीन शाह अफरीदी (48 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर लगातार तीन छक्के और एक चौका मारे जिससे आखिरी गेंद पर छह रन की जरूरत थी। लेकिन शनाका ने आखिरी गेंद को यह सोचकर छोड़ दिया कि इसे वाइड कहा जाएगा जिसे मैदानी अंपायर ने वाइड करार नहीं दिया। शनाका ने 31 गेंद की नाबाद पारी में आठ छक्के और दो चौके लगाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा पवन रत्नायके ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेलीं। इससे श्रीलंका ने पाकिस्तान के आठ विकेट पर 212 रन के स्कोर के जवाब में सात विकेट पर 206 रन बनाए। पाकिस्तान को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए न्यूजीलैंड (1.390) को नेट रन रेट से पीछे छोड़ने के लिए श्रीलंका को 147 रन के अंदर समेटना था।




**पाक-212/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फरहान का लियानागे बो मदुशंका | 100 |
| फखर जमां बो चामीरा | 84 |
| ख्वाजा का असालंका बो मदुशंका | 02 |
| शादाब खान रन आउट | 07 |
| नवाज का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| आगा का तीक्षणा बो शनाका | 00 |
| उस्मान खान नाबाद | 08 |
| शाहीन पगबाधा बो मदुशंका | 04 |
| नसीम शाह रन आउट | 01 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 06
कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 212 रन
गेंदबाजी: दिलशान 4-0-33-3, दुष्मंता 4-0-48-1, महीश 4-0-35-0, शनाका 4-0-42-2, दुनिथ 3-0-37-0, जनिथ 1-0-14-0

**श्रीलंका-207/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पाथुम का नवाज बो नसीम | 03 |
| कामिल मिशारा बो अबरार | 26 |
| चरिथ असालंका बो अबरार | 25 |
| पवन का सब बो अफरीदी | 58 |
| कामिंडु मेंडिस बो अबरार | 03 |
| जनिथ लियानागे बो नवाज | 05 |
| दासुन शनाका नाबाद | 76 |
| दुनिथ वेलालगे नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन
गेंदबाजी: शाहीन 4-0-48-1, शाह 4-0-36-1, अहमद 4-0-23-3, तारिक 4-0-43-0, नवाज 2-0-21-1, शादाब 2-0-33-0

### 'करो या मरो' के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत, गेंदबाजी में करना होगा प्रभावशाली प्रदर्शन


आज शाम 7 बजे से ईडन गार्डन्स में रोमांचक मुकाबला



एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा।

### 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए मिचेल और मोस्टरी



दुबई

डेरिल मिचेल और सोभना मोस्टरी को जनवरी महीने के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' दिया गया है। मिचेल ने न्यूजीलैंड को भारत में वनडे सीरीज में जबरदस्त जीत दिलाई थी। वहीं, मोस्टरी ने आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**मिचेल ने सूर्यकुमार और रूट को पीछे छोड़ा**

मिचेल ने इस अवॉर्ड के लिए भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। मिचेल ने न्यूजीलैंड के भारत दौरे की 50 ओवर की सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने वनडे फॉर्मेट में अपनी टीम की सफलता दिलाने में अहम योगदान दिया। न्यूजीलैंड की टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज में 0-1 से पीछे थी, जिसके बाद मिचेल ने लगातार दो सेंचुरी लगाकर उस सीरीज को पलट दिया। मिचेल ने सीरीज के पहले मैच में 84 रन बनाने के बाद अगले दो मुकाबलों में 131* और 137 रन की पारी खेली थी। उनकी इस शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने सीरीज के अंतिम दो मुकाबले जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

**सोभना ने बनाए 145.85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन**

दूसरी ओर, बांग्लादेश की सोभना मोस्टरी ने महिलाओं की श्रेणी में जनवरी माह का 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का अवॉर्ड अपने नाम किया। सोभना ने बांग्लादेश को ग्लोबल क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में बिना हारे रहने में मदद करने में अहम भूमिका निभाई। उस टूर्नामेंट के अपने पहले छह मैचों में मोस्टरी ने 45.80 की औसत और 145.85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए। सोभना के साथ महिलाओं की श्रेणी में इस अवॉर्ड के लिए गैबी लुईस और तारा नॉरिस को नॉमिनेट किया गया था।

---

**खबर संक्षेप**



### सिंधू दुबई में फंसी, उड़ानों का संचालन निलंबित

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शनिवार को प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए जाते समय दुबई हवाईअड्डे पर फंस गईं क्योंकि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। यह टूर्नामेंट अगले मंगलवार से शुरू होना है। सिंधू ने इंस्टाग्राम पर एक भीड़भाड़ वाले हवाईअड्डे का वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''सभी उड़ानें अगली सूचना तक निलंबित।''

### मुशफिकुर रहीम सऊदी अरब में फंसे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ईरान पर अमेरिका के हमलों के कारण हवाई सेवाएं बाधित होने से उमराह यात्रा से लौटते समय जेद्दा में फंस गए। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर एक बड़ा हमला शुरू किया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की जनता से 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। सैन्य हमलों के कारण खाड़ी क्षेत्र में हवाई सेवा बंद हो गयी है और अमीरात और एयर इंडिया सहित कई उड़ानें बाधित हुई हैं।



### खेल मेरे खून में रचा बसा है: ज्योति सिंह

**बेंगलुरु।** 21 वर्षीय ज्योति सिंह भारतीय हॉकी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने कहा कि खेल उनके खून में रचा बसा है। झांसी में जन्मी ज्योति ने महिला जूनियर विश्व कप में भारत की कप्तानी की और पिछले साल सीनियर टीम में भी पदार्पण किया, जिसमें उन्होंने प्रो लीग के चार मैचों में भाग लिया। इसमें विश्व में नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ जीत भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता अंतरराष्ट्रीय एथलीट थे। मैं उनके साथ मैदान में दौड़ने और बैडमिंटन खेलने जाया करती थी।'

# जम्मू-कश्मीर ने 67 साल में पहली बार जीती रणजी ट्रॉफी, 8 बार की चैंपियन कर्नाटक से छीना खिताब

### कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीता जम्मू कश्मीर

हुबली

जम्मू कश्मीर ने अपने जोश और जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म किया और अपना नाम इतिहास में दर्ज कर दिया। जम्मू कश्मीर ने यह शानदार जीत 8 बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ दर्ज की। उसने पांच दिन तक चले मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया।



**जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में बनाए थे 584 रन**

जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी।

**67 साल पहले राष्ट्रीय टूर्नामेंट में लिया था हिस्सा**

रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था। लेकिन केएससीए स्टेडियम में पिछले पांच दिनों में किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि उसके खिलाड़ी पहली बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेल रहे हैं।

# तीसरा महिला वनडे : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीन स्वीप से बचने उतरेगी टीम इंडिया

### तीसरा वनडे आज : महिला टीम को करना होगा बल्लेबाजी की कमजोरी दूर

होबार्ट

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।



**जेमिमा-दीप्ति का बल्ला खामोश**

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

# वॉल्व्स ने किया उलटफेर एस्टन विला को दी मात




वॉल्वरहैम्प्टन

जोआओ गोम्स ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्तमान सत्र का अपना पहला गोल किया जबकि रोड्रिगो गोम्स ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागा, जिससे इस प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता के सबसे निचले पायदान की टीम वॉल्वरहैम्प्टन ने शानदार फॉर्म में चल रहे एस्टन विला को 2-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

लीग में यह उस क्लब की केवल दूसरी जीत है, जिसके 29 मैच में केवल 13 अंक हैं, जो अपनी करीबी टीम से छह अंकों से पिछड़ रही है। एक ऐसी टीम, जिसका निचली श्रेणी के टूर्नामेंट में खिसकना तय है। वॉल्व्स के प्रशंसक अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश थे, जिससे एस्टन विला की चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। यह बर्मिंघम के इस क्लब के कोच के रूप में अपनी 100वीं जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे कोच उनाई एमरी के लिए भी करारा झटका है।

एस्टन विला अभी प्रीमियर लीग की तालिका में 28 मैच में 51 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर यूनाइटेड (48 अंक), चेल्सी (45) और लिवरपूल (45) भी शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। आर्सेनल (61) और मैनचेस्टर सिटी (56) पहले दो स्थान पर हैं।

11 अप्रैल तक मंगोलिया में चलेगा टूर्नामेंट

# एशियाई मुक्केबाजी: भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना और निकहत

नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी।

भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है।



**प्रीति, अरुंधति और प्रिया टीम में शामिल**

स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुवाई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ज़रीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है।



# डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई 2026 सीजन की धमाकेदार शुरुआत

**नई दिल्ली।** वर्ष 2026 सीजन के शुरुआती महीने ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई का आकार और मजबूती लगातार बढ़ रही है। टूर ने कुछ ही समय में नया रायपुर, दिल्ली और कोलकाता में तीन महत्वपूर्ण टूर्नामेंट आयोजित किए, और फिर 72वें लीग की घोषणा के साथ एक नया आयाम जोड़ा है। ये सभी घटनाक्रम दर्शाते हैं कि टूर न केवल अपनी पहुंच में, बल्कि अपने सार में भी विस्तार कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख मापदंड पुरस्कार राशि है। सीजन के शुरुआती घरेलू चरण में, डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ने 1.5 करोड़ रुपये के पुरस्कार राशि वाले तीन टूर्नामेंट आयोजित किए, जिससे कुल पुरस्कार राशि 4.5 करोड़ रुपये हो गई। यह भारतीय पेशेवर गोल्फ के वित्तीय पैमाने में एक महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। सीजन की शुरुआत नया रायपुर में 3 से 6 फरवरी तक आयोजित एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप से हुई। यह आयोजन न केवल 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के कारण, बल्कि इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसे किसी पारंपरिक महानगर के बजाय एक उभरते हुए बाजार में आयोजित किया गया था।

### प्राग अंतरारष्ट्रीय शतरंज महोत्सव : मास्टर्स वर्ग का तीसरा दौर

# अरविंद ने खेला ड्रॉ, गुकेश को मिली फोरेस्ट से हार

प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश को प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अरविंद चिदंबरम ने ईरान के परहम मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में लगे गुकेश ने वैन फोरेस्ट के खिलाफ शुरू से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

वह मैच में किसी भी समय अपनी पकड़ नहीं बना पाए। फोरेस्ट ने सफेद मोहरों से खेलते हुए रूय लोपेज शैली का इस्तेमाल किया और टार्टाकोवर वेरिएशन में बिशप की जोड़ी के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। इससे भारतीय खिलाड़ी दबाव में आ गया और उन्हें अपना एक मोहरा गंवाना पड़ा। तकनीकी पेचीदगियां तो बनी रहीं, लेकिन तब तक फोरेस्ट जीत की स्थिति में नहीं दिख रहे थे। रानी के आदान-प्रदान के बाद गुकेश की स्थिति खराब हो गई और फोरेस्ट ने 48 चाल में जीत हासिल की।



**फोरेस्ट ने हासिल की फिर से संयुक्त बढ़त**

इस जीत से फोरेस्ट ने फिर से संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। वह इस प्रतियोगिता में एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिनके तीनों मैच को निर्णय निकला। फोरेस्ट के दो अंक हैं और वह उज्बेकिस्तान की जोड़ी नोदिरबेक याकुबोए और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव तथा स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। दस खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे हैं इस टूर्नामेंट में अभी छह दौर का खेल होना बाकी है। गुकेश, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विन्सेंट कीमर, अमेरिका के हैंस मोके नीमन और मगसूदलू सातवें स्थान पर हैं। इन सभी ने अपने तीन मैचों में एक-एक अंक हासिल किया है।

**अरविंद ने अपने अंकों की संख्या पहुंचाई 1.5 तक पहुंचा**

प्रतियोगिता में भाग ले रहे दूसरे भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने मगसूदलू के साथ ड्रॉ खेला और अपने अंकों की संख्या 1.5 तक पहुंचा दी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो के भी इतने ही अंक हैं। चैलेंजर्स वर्ग में खेल रहे भारत के दोनों खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और सूर्या शेखर गांगुली को हार का सामना करना पड़ा। महिला विश्व कप विजेता दिव्या चीन की जिनेर झू के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए हार गईं, जबकि गांगुली को चेक गणराज्य के जैचिम नेमेक ने हराया। गांगुली का पहले तीन दौर के बाद आधा अंक है, जबकि दिव्या का एक अंक है। चेक गणराज्य के फाइनक वाक्लाव 2.5 अंकों के साथ इस वर्ग में सबसे आगे हैं।

# इजराइल-ईरान जंग : मिडिल ईस्ट के सात देशों में सीबीएसई की 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा टली

एजेंसी




**नई दिल्ली :** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ देशों में 2 मार्च को होने वाली क्लास 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं, इलाके के मौजूदा हालात को देखते हुए टाल दी गई हैं. एक ऑफिशियल सर्कुलर में, बोर्ड ने बताया कि बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूनाइटेड अरब अमीरात (UAE) में क्लास 10वी और क्लास 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए सोमवार, 2 मार्च को होने वाली परीक्षाएं टाल दी गई हैं. नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी. स्टूडेंट्स को सलाह दी गई है कि वे आगे के अपडेट्स के लिए अपने-अपने स्कूलों के संपर्क में रहें और ऑफिशियल घोषणा को ध्यान से फॉलो करें. बोर्ड ने आगे कहा कि वह 3 मार्च को स्थिति की समीक्षा करेगा और 5 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के बारे में उचित निर्णय लेगा. स्टूडेंट्स और स्कूलों को बताया जाता है कि मिडिल ईस्ट (बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई) के कुछ हिस्सों में मौजूदा हालात की वजह से, बोर्ड ने यह फैसला किया है. फलस्वरूप सोमवार, 02 मार्च 2026 को होने वाली दसवीं और बारहवीं क्लास की परीक्षाएं टाल दी गई हैं. नई तारीखें बाद में बताई जाएंगी. बोर्ड मंगलवार, 03 मार्च 2026 को स्थिति का रिव्यू करेगा और 05 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के बारे में सही फैसले लेगा. सर्कुलर में कहा गया, अमेरिका और इजराइल ने ईरान के लीडरशिप और मिलिट्री को टारगेट करते हुए एक बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ अधिकारी मारे गए. ईरान ने जवाब में अमेरिकी बेस, इजराइल और वेस्ट एशिया में दूसरे ठिकानों पर मिसाइल हमले किए. हालात अभी भी अनिश्चित हैं, ट्रंप प्रशासन का दावा है कि ईरान से आने वाले खतरे को रोकने के लिए स्ट्राइक जरूरी थी. अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिनों का राष्ट्रीय शोक मनाया जा रहा है, और पूरे देश में बड़े पैमाने पर दुख और विरोध प्रदर्शन की खबरें हैं. सुप्रीम लीडर के ऑफिस ने राष्ट्रीय शोक का समय घोषित किया है, जिसमें झंडे आधे झुके रहेंगे और श्रद्धांजलि देने के लिए सार्वजनिक समारोहों की योजना बनाई गई है. खामेनेई, जो क्रांति के संस्थापक रूहोल्लाह खुमैनी के बाद आए थे, ने 1989 से पश्चिमी असर के खिलाफ ईरान को मजबूती से लीड किया. अधिकारियों ने पूरे देश में, खासकर तेहरान जैसे बड़े शहरों में, अशांति रोकने और लोगों की सुरक्षा पक्की करने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है. अब ध्यान खामेनेई के उत्तराधिकारी को चुनने पर है, जिसमें संभावित उम्मीदवारों और ईरान के भविष्य के नेतृत्व पर इसके असर के बारे में अंदाजे लगाए जा रहे हैं.

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब को जमानत पर रोक के बाद भेजा गया तिहाड़ जेल, विरोध में कांग्रेस का फिर सत्याग्रह

एजेंसी



**नई दिल्ली:** एआई इंपैक्ट समिट में शर्ट लेस प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की सेशन कोर्ट से जमानत पर रोक लगने के बाद अब तिहाड़ जेल भेज दिया गया है. इसका विरोध करते हुए यूथ कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट लिखकर दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाए हैं. एक्स हैंडल पर यूथ कांग्रेस की ओर से लिखा गया है, कल आधी रात को दिल्ली पुलिस द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने रिमांड बढ़ाने की अर्जी दी गई. जिसे न्यायालय ने अवैध बताते हुए खारिज कर दिया और हमारे अध्यक्ष उदय भानु चिब को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था. एक पल के लिए लगा कि सत्ता का यह दमन अब रुकने वाला है, लेकिन दिल्ली पुलिस को ऊपर से कुछ और ही निर्देश थे. जब हमारे वकील जमानत मुचलके आदि की कानूनी कार्यवाही कर रहे थे, तब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच चुपके से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ सेशंस कोर्ट पहुँच गई. हमारे पक्ष को सुने बिना ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट के जमानत आदेश पर स्टे लगा दिया गया और अगली सुनवाई की तारीख 6 मार्च तय की गई. हम एक संगठन के नाते न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हैं अंततः सच्चाई और न्याय की जीत होगी. यह जानकारी देते हुए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया चेयरमैन वरुण पांडे ने बताया कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब और अन्य युवा कांग्रेस कार्यकताओं कि रिहाई की मांग को लेके आयोजित इस सत्याग्रह में कई वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के नेता गण भी शामिल होंगे. यह सत्याग्रह युवा कांग्रेस कार्यालय, 5, रायसीना रोड पर किया जा रहा है.

# इजरायल-अमेरिका ने मिलकर कैसे खत्म कर डाला खामनेई का पूरा खानदान, चौंकाने वाली रिपोर्ट आई सामने

एजेंसी



**इजरायल:** अयातुल्ला अली खामई को टारगेट किया गया। उस घर को निशाना बनाया गया जिसमें वह रहा करते थे जिसमें उनका ऑफिस था और वहीं पर उनको मार दिया गया। जिस वक्त ये हमला हुआ, जिस वक्त खामनी पर अटैक हुआ, जिसमें वो मारे जा चुके हैं। उनकी बेटी, दामाद, एक पोती के भी मारे जाने की इसमें खबर मिल रही है। पूरा का पूरा खानदान जिसमें खत्म हो चुका है। ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्लाह अली खामिनई को मौत के घाट उतार दिया गया और सिर्फ वही नहीं उनके पूरे खानदान को मार दिया गया है। पहले तो शनिवार की सुबह-सुबह एक खबर आती है और खबर में ये मालूम चलता है कि इजराइल और अमेरिका ने यानी कि इजराइल नेकि फ्रंट फुट पर आकर यह हमला किया लेकिन अमेरिका साथ मिला हुआ था। इजराइल ने बहुत बड़ा अटैक ईरान पर कर दिया है। और आज जब इस खबर की पुष्टि हो गई कि इसमें खामिनेई मारे गए हैं तो यह मालूम चला कि जब जंग शुरू हुई थी उसके ठीक 1 घंटे में ही अयातुल्ला अली खामई को टारगेट किया गया। उनकी बेटी, दामाद, एक पोती के भी मारे जाने की इसमें खबर मिल रही है। पूरा का पूरा खानदान जिसमें खत्म हो चुका है। इस बात से वो बिल्कुल अनजान थे कि इजरायल और अमेरिका इतनी कोई बड़ी प्लानिंग कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार,अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करने की तैयारी के ठीक पहले, सीआईए ने संभवतः सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य, देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने का पता लगा लिया। ऑपरेशन से परिचित लोगों के अनुसार, सीआईए कई महीनों से अयातुल्ला खामेनेई पर नजर रख रही थी और उनके ठिकानों और गतिविधियों के बारे में अधिक आश्वस्त हो रही थी। फिर एजेंसी को पता चला कि शनिवार की सुबह तेहरान के मध्य में स्थित एक नेतृत्व परिसर में शीर्ष ईरानी अधिकारियों की एक बैठक होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि सीआईए को पता चला कि सर्वोच्च नेता उस स्थान पर मौजूद होंगे। निर्णयों की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ने अपने हमले के समय में बदलाव करने का फैसला किया, जिसका एक कारण नई खुफिया जानकारी का लाभ उठाना भी था। साथ ही यह भी कि दोनों देशों ने ईरानी नेतृत्व पर, विशेष रूप से पिछले वर्ष के 12 दिवसीय युद्ध के बाद, गहन खुफिया जानकारी जुटाई थी। इस ऑपरेशन ने ईरान के नेताओं की उस समय पर्याप्त सावधानी बरतने में विफलता को भी उजागर किया, जब इजराइल और अमेरिका दोनों ने स्पष्ट संकेत दिए थे कि वे युद्ध की तैयारी कर रहे हैं।

**सीआईए ने दी खुफिया लोकेशन**

द न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा उद्धृत ऑपरेशन से परिचित लोगों के अनुसार, सीआईए कई महीनों से खामेनेई पर नजर रख रही थी और उनके ठिकाने और गतिविधियों के बारे में उसका विश्वास बढ़ता जा रहा था। इसके बाद एजेंसी को पता चला कि शनिवार सुबह मध्य तेहरान स्थित एक नेतृत्व परिसर में शीर्ष ईरानी अधिकारियों की एक बैठक होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि सर्वोच्च नेता भी वहां मौजूद रहेंगे। खुफिया जानकारी से अवगत लोगों के अनुसार, सीआईए ने खामेनेई की स्थिति के बारे में 'अत्यंत विश्वसनीय' खुफिया जानकारी इजराइल को सौंप दी।

# दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक, दिन में चलेंगी तेज गर्म हवाएं

एजेंसी



**नयी दिल्ली:** दिल्लीवासियों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। सापेक्षिक आर्द्रता (Humidity): सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 74 प्रतिशत रहा। आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली में मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदल रहा है और मार्च की शुरूआत के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस मौसम के औसत तापमान से 2.9 डिग्री अधिक है। जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, दिल्लीवासियों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, दिल्लीवासियों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

**सापेक्षिक आर्द्रता (Humidity):** सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 74 प्रतिशत रहा। आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिन के दौरान तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

**एक्यूआई (अदक) का मानक पैमाना**

वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई (AQI) को इसके प्रभाव के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा' माना जाता है, जिसका स्वास्थ्य पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। 51 से 100 के बीच का स्तर 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है, जबकि 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है, जो फेफड़ों या हृदय रोगों से पीड़ित संवेदनशील लोगों के लिए असुविधा का कारण बन सकता है। जैसे ही सूचकांक 200 के पार जाता है, स्थिति चिंताजनक होने लगती है। 201 से 300 के बीच एक्यूआई को 'खराब' और 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' माना जाता है, जो स्वस्थ लोगों में भी सांस की तकलीफ पैदा कर सकता है। सबसे खतरनाक स्तर 401 से 500 के बीच होता है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा जाता है। इस स्थिति में वायु प्रदूषण स्वस्थ लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है और पहले से बीमार व्यक्तियों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

**आगे का अनुमान:** मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले सप्ताह में तापमान में और वृद्धि होगी। दिन में तेज हवाएं चलने के कारण प्रदूषण के कणों के बिखरने की उम्मीद है, जिससे एक्यूआई में मामूली सुधार हो सकता है। हालांकि, दोपहर के समय धूप का असर तेज रहेगा, इसलिए बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

# कर्नाटक में प्रशासन ने दलितों के लिए खोला सैलून, आखिर क्यों उठाना पड़ा यह कदम?

एजेंसी



**बेंगलुरुः** कर्नाटक सरकार ने गदग जिले के सिंगाटलुर गांव में एक सरकारी सैलून खोला है. यह कदम तब उठाया गया जब गांव की स्थानीय नाई की दुकान ने दलित समुदाय के लोगों का बाल काटने से इनकार कर दिया था. माना जा रहा है कि यह राज्य की पहली ऐसी सरकारी सुविधा है जिसे सरकार द्वारा वित्तपोषित किया गया है. इस सैलून को बस स्टैंड के पास सरकारी जमीन पर समाज कल्याण विभाग और ग्राम पंचायत के अधिकारियों की मौजूदगी में स्थापित किया गया है. समाज कल्याण विभाग ने टीन शेड वाली दुकान और सैलून के लिए जरूरी सभी उपकरण उपलब्ध कराए हैं, वहीं नाई को मुंदरागी कस्बे से बुलाया गया है. सरकार को यह सैलून खोलने के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि गांव के 'हडपद' परिवारों (नाई समुदाय) ने एक धार्मिक परंपरा का हवाला देते हुए वर्षों से दलितों के बाल काटने से इनकार कर दिया था. अधिकारियों के अनुसार, ₹ये परिवार गांव के देवता वीरभद्रेश्वर के उपासक हैं. हर साल एक विशेष समय पर देवता उनके घर आते हैं, और नाइयों का दावा था कि उस अवधि के दौरान वे दलितों को सेवा नहीं दे सकते. गांव की इकलौती नाई की दुकान हाल ही में तब बंद हो गई उन्होंने जिला प्रशासन के सामने यह तर्क दिया कि किसी खास समुदाय के लोगों को सेवा देने से मना करना पूरी तरह गैरकानूनी है.जैसे-जैसे मामला बढ़ा, जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से संपर्क किया और नाइयों को दुकान खोलने और सभी समुदायों को सेवा देने के लिए मनाने हेतु कई दौर की बैठकें कीं. जब वे नहीं माने, तो कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए गए. लेकिन नोटिस का भी उन पर कोई असर नहीं हुआ. कोई विकल्प न बचता देख, अधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग से 1.2 लाख रुपये खर्च करके एक नाई की दुकान खोलने और बाहर से एक नाई नियुक्त करने का निर्णय लिया. प्रशासन के अनुरोध पर, 'हडपद अन्नप्पा समाज' के प्रदेश अध्यक्ष देवु हडपद ने अपने भाई (जो स्वयं एक नाई हैं) को दुकान चलाने के लिए भेजने पर सहमति व्यक्त की, जिसके बाद दुकान स्थापित की गई.देवु हडपद ने कहा, ₹यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाज में पिछड़े समुदायों को नीचा दिखाने वाली ऐसी बीमार मानसिकता आज भी मौजूद है. लेकिन हमने ऐसी प्रथाओं को खत्म करने के लिए सरकार को पूरा सहयोग दिया है. अब यह दुकान सभी समुदायों के लिए खुली है. गांव के लोग भी इस सकारात्मक बदलाव से बेहद खुश हैं. ग्रामीण मरियाज्जा ने कहा, इस पहल ने हमारे भीतर एक नई उम्मीद जगाई है कि अब छुआछूत की यह प्रथा हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी.

# अफगानिस्तान के बाद पाकिस्तान पर टूट पड़ा भारत.गोलीबारी शुरू!

एजेंसी



**पाकिस्तानः** पाकिस्तान के जेएफ 17 लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया है। तो वहीं अब भारत ने भी पाकिस्तान पर बड़ा एक्शन लिया है जिसने बॉर्डर पर हड़कंप मचा दिया है। दरअसल अफगानिस्तान पाकिस्तान की जमकर कुटाई कर ही रहा है कि अब भारतीय सेना ने भी धमाकेदार कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान को हिला दिया है। जहां एक तरफ पाकिस्तान पर अफगानिस्तान कहर बनकर टूट पड़ा है। ताबड़तोड़ हमलों से पाकिस्तान को दहला दिया है। भीषण हमलों में 55 से ज्यादा पाक सैनिकों को मार गिराया है। कई सैन्य चौकियों पर हमला करते हुए उन पर कब्जा कर लिया है। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान के जेएफ 17 लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया है। तो वहीं अब भारत ने भी पाकिस्तान पर बड़ा एक्शन लिया है जिसने बॉर्डर पर हड़कंप मचा दिया है। दरअसल अफगानिस्तान पाकिस्तान की जमकर कुटाई कर ही रहा है कि अब भारतीय सेना ने भी धमाकेदार कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान को हिला दिया है। पिछले कुछ महीनों से सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। सेना ने हाल ही में ऐसे कई ड्रोंस को मार गिराया है। लेकिन फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। वह लगातार अपने पालतू आतंकियों की भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने की कोशिशें कर रहा है। मगर हर बार उसकी सारी कोशिशें उसको ही तगड़ा नुकसान पहुंचा रही हैं। पाकिस्तानी ड्रोंस पर फायरिंग करने के बाद भारतीय सेना ने कई इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। संदिग्ध ड्रोन को देखे जाने के बाद सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है ताकि किसी भी संभावित घुसपैठ या साजिश को नाकाम किया जा सके। दरअसल भारतीय सेना ने बॉर्डर पर तगड़ी कार्रवाई ऐसे वक्त में की है जब कुछ ही घंटे पहले भारतीय सेना ने पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की चेतावनी दी है। वेस्टर्न आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटिहार ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की रणनीति पूरी तरह से बदल चुकी है। पाकिस्तान के साथ होने वाली कोई भी लड़ाई जमीन पर निर्णायक नतीजे के साथ खत्म होगी। अब पाकिस्तान की परमाणु धमकियों का कोई असर नहीं होगा। यानी कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बता दिया है कि परमाणु धमकी का खेल अब नहीं चलेगा। इस बार ऐसा सबक सिखाया जाएगा जिससे पाकिस्तान का इतिहास और भूगोल बदल जाएगा। हाल ही में भारत सरकार और सेना की ओर से आए कई बयान इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि आने वाले दिनों में ऑपरेशन सिंदूर से भी ज्यादा पाकिस्तान की फिर से तगड़ी कुटाई होने वाली है।

## जोधपुर के 120 श्रद्धालु फंसे, दुबई में होटल का किराया 20 हजार प्रतिदिन

**जोधपुर** : दुबई में कथा सुनाने गए जोधपुर के 120 श्रद्धालु ईरान युद्ध के चलते वहां फंस गए हैं. सूरसागर के महाराज अमृत राम की ओर से 23 से 28 फरवरी तक कथा का आयोजन था. शनिवार को कथा समाप्त होने के बाद जब सभी श्रद्धालु दुबई एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्हें वापस रवाना कर दिया गया. श्रद्धालुओं के पास अब कोई रहने का ठिकाना नहीं है न ही इतना पैसा बचा है कि वे दूसरी व्यवस्था कर सकें. फिलहाल दुबई में माहेश्वरी समाज ने भोजन की व्यवस्था की है. जोधपुर के सूरसागर स्थित रामद्वारा के संत रामप्रसाद ने बताया कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित हैं. उनसे बात हुई है. उनके लिए व्यवस्था करवा रहे हैं. 20 हजार रुपए प्रतिदिन का किराया : कथा करने गए संत अमृत राम ने बताया कि ईरान के हमला करने के बाद दुबई में होटल का किराया प्रतिदिन एक कमरे का 20 हजार तक हो गया है. शनिवार को कथा समाप्त होने के बाद सभी श्रद्धालुओं को रवाना होना था. ऐसे में सभी ने खरीदारी कर ली, इसीलिए धनराशि की भी परेशानी हो गई है. दुबई में रह रहे राजस्थान और जोधपुर के लोगों के संपर्क में हैं. ज्यादातर श्रद्धालु मंडोर इलाके से : अमृत राम महाराज की कथा सुनने के लिए गए 120 श्रद्धालुओं में ज्यादातर माली समाज के हैं, जो मंडोर और नागोरी बेरा क्षेत्र के निवासी हैं. उनके परिजनों से उनका संपर्क बना हुआ है.

# महिला दिवस ऑफर: रामोजी फिल्म सिटी में टिकट के दाम में कमी, 31 मार्च तक उठाएं लाभ



एजेंसी

**हैदराबादः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर रामोजी फिल्म सिटी ने महिलाओं के लिए स्पेशल ऑफर पेश किया है. महिलाओं की प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए रामोजी फिल्म सिटी मार्च का महीना इंटरनेशनल विमेंस डे के तौर पर मना रहा है. इसलिए महिलाओं के लिए टिकट के दाम में कमी की गई है. 1 मार्च से 31 मार्च तक महिलाओं को स्पेशल ऑफर के साथ फिल्म सिटी घूमने की इजाजत दी गई है. हर उम्र की महिलाओं को अलग-अलग खास प्रोग्राम में हिस्सा लेकर सिनेमा की दुनिया में एंटरटेनमेंट, मस्ती और सिनेमाई शान का मजा लेने का मौका मिलेगा. रामोजी स्टूडियो टूर में आप अनोखे फिल्म सेट, लाइव शो, राइड्स, एडवेंचर विजिट, बर्ड पार्क, बटरफ्लाई गार्डन, मोशन कैप्चर, वर्चुअल शूट, माया लोक और कई अन्य जगहों पर घूम सकते हैं. विमेंस डे के मौके पर जो महिलाएं ग्रुप में कहीं घूमने की योजना बना रही हैं, तो उनके लिए रामोजी फिल्म सिटी इस बार अच्छा विकल्प हो सकता है. महिलाएं इस मौके का फायदा उठा सकती हैं. साथ ही फिल्म सिटी होने वाले महिला महोत्सव में हिस्सा लेकर इसे यादगार बना सकती है. अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.ramojifilmcity.com विजिट करें या फोन नंबर 76598 76598 पर कॉल करें.

# संक्षिप्त खबर

## ईरान के साथ आया ये मुस्लिम देश, जिसके नेता ने इजरायल पर कभी दागी थी मिसाइल, चौंक गए ट्रंप-नेतन्याहू



**नेतन्याहूः** इराक का ये कट्टरपंथी संगठन साथ आ चुका है। दूसरी तरफ अस्थाई वहां पर काउंसिल जो है वो अब शासन करेगी। फिलहाल जो कंट्रोल है फजिशियाने की राष्ट्रपति के हाथ में ही होगा। उसमें जुडिशरी के प्रमुख भी इसमें शामिल होंगे। ईरान को इराक से बड़ा समर्थन। शिया राष्ट्र की तरफ से कट्टरपंथी संगठन ने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया है। इराक को दरअसल यहां पर समर्थन देते हुए तस्वीरें आप देख रहे हैं। जो शिया कट्टरपंथी गुट है उसकी तरफ से ऐलान किया गया बाकायदा प्रेस रिलीज जारी करके यह ऐलान किया गया कि ईरान के साथ युद्ध में इराक का ये कट्टरपंथी संगठन जो है वो खुद अब साथ देगा। तो इराक का ये कट्टरपंथी संगठन साथ आ चुका है। दूसरी तरफ अस्थाई वहां पर काउंसिल जो है वो अब शासन करेगी। फिलहाल जो कंट्रोल है फजिशियाने की राष्ट्रपति के हाथ में ही होगा। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के कुछ ही समय बाद, बगदाद के दक्षिण में स्थित ईरान समर्थित मिलिशिया कटाइब हिजबुल्लाह पर दो अलग-अलग मिसाइल हमले हुए, जिनमें कम से कम दो लड़ाके मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। समूह ने बताया कि शनिवार को ही उसी क्षेत्र में एक तीसरा हमला हुआ, लेकिन उसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सरकार ने जुर्फ अल सखार पर हुए हमलों की पुष्टि की, लेकिन इसके बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। यह कस्बा, जिसे जुर्फ अल नस्त्र के नाम से भी जाना जाता है, बगदाद से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है और शक्तिशाली मिलिशिया के नियंत्रण में है। इससे प्रेरित होकर कटाइब हिजबुल्लाह, अल नुजाबा और सैय्यद अल शुहादा के साथ-साथ अन्य छोटे मिलिशिया भी इस लड़ाई में शामिल हो गए हैं और उन्होंने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया है। उन्होंने अपने बयानों में यह घोषणा की है। इससे पहले भी वे इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर हमला कर चुके हैं, साथ ही ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल के अंदर भी ठिकानों को निशाना बना चुके हैं।

## चार अधिकारी निलंबित, पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान



**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश):** काकीनाडा जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में 20 लोगों की मौत के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने कई अधिकारियों को निलंबित कर दिया. सरकार इस घटना के लिए RDO, DSP, जिला श्रम अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी को जिम्मेदार माना है. वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिवारों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है. उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार 2 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देगी. मुख्यमंत्री नायडू ने शनिवार रात काकीनाडा सरकारी जनरल हॉस्पिटल में भर्ती घायलों से मुलाकात की. इसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, यह घटना बहुत दुखद है. सभी पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर तबके के हैं. मरने वालों में 12 अनुसूचित जाति के लोग और 8 महिलाएं हैं. हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं. हाल ही में ऐसी ही एक घटना हुई थी और हमने जांच और कार्रवाई के आदेश दिए थे. इसके बावजूद, ऐसी घटना दोबारा होना बहुत दुखद है. हम घायलों को सबसे अच्छा इलाज दिलाने की कोशिश कर रहे हैं. इस हादसे में एक पति-पत्नी की भी मौत हो गई. मरने वालों के बच्चों को उनकी पढ़ाई के लिए आवासीय स्कूलों में एडमिशन दिलाया जाएगा. मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान बहुत खतरनाक होता है और सावधानी बरतने में लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ. इसकी टेक्निकल जांच भी की जाएगी. उन्होंने इस घटना के लिए राजस्व मंडल अधिकारी (RDO), DSP, जिला श्रम अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए उन्हें निलंबित करने की घोषणा की. उन्होंने कहा, पूरी जांच की जाएगी. जो भी लोग जिम्मेदार पाए जाएंगे, उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी. पटाखा फैक्ट्री मालिक को ढूंढा जाएगा, चाहे वह कहीं भी हो और सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी. अगर जरूरी हुआ, तो उसकी संपत्ति जब्त करके पीड़ितों को सौंप दी जाएगी. कई पीड़ितों ने कथित तौर पर बताया कि वे लंबे समय से फैक्ट्री में काम कर रहे थे. उन्होंने कहा कि वे वहां हर दिन 700 रुपये कमाते थे, जबकि MGNREGA के तहत उन्हें हर दिन सिर्फ 300 रुपये मिलते थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 125 दिन का काम दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे इलाकों में CCTV कैमरे लगाए जाएंगे और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए कमांड कंट्रोल सिस्टम से उन पर नजर रखी जाएगी. शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम में एक छोटी सी लापरवाही की वजह से यह बड़ा हादसा हुआ. पटाखों की छोटी-छोटी गोली (pellets) में विस्फोटक पाउडर को दबाते समय, जब उस पर लोहे की रॉड से वार किया गया, तो चिंगारियां निकलीं. चिंगारियां पास के पटाखों के कच्चे माल पर गिरीं, जिससे कुछ ही सेकंड में आग फैल गई. यूनिट में रखे विस्फोटक एक साथ फट गए, जिससे एक बड़ा धमाका हुआ. छोटे से शेड में करीब 10 मजदूर बैठे थे. जब आग लगी और धमाके हुए, तो मजदूर शेड से बाहर नहीं निकल पाए और मौके पर ही जिंदा जल गए. पुलिस ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि लाशें क्षत-विक्षत हो गईं. शुरूआती जांच से पता चलता है कि पटाखों में सल्फर को ठीक से हैंडल न करने की वजह से धमाका हुआ होगा. एसपी बिंदु माधव ने कहा कि फोरेंसिक एक्सपर्ट्स ने मौके से केमिकल्स और विस्फोटक पदार्थ के सैंपल इकट्ठा किए हैं, और विस्तृत विश्लेषण के बाद ही सही वजह का पता चलेगा. उन्होंने आगे कहा कि जब वे मौके पर पहुंचे तो फैक्ट्री दो छोटे धमाके हुए. एसपी ने कहा कि सूर्यश्री फायर क्रैकर्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के मालिक अदबाला अर्जुन, और उनके भाई वीरबाबू (नानी) हादसे के बाद भाग गए. बाद में पुलिस टीमों ने उन्हें ट्रैक किया और कस्टडी में ले लिया. उनके पिता, अदबाला श्रीनिवास राव (55) की विस्फोट में मौत हो गई है.




# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

मुंबई। 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत



विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।

रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।

## हॉलीवुड मसाला




# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन में बंधेगीं।




# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

लॉस एंजिल्स। टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।' लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना


मुंबई। इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

मुंबई। फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली। हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था।

# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

मुंबई। 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार


दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम' और 'प्लेयर्स' में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी





मुंबई। सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.